


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

**आवश्यकता है**
**मीडिया हाउस**
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659

वर्ष- 15 अंक - 05 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## कांग्रेस की चुनाव समिति आज बैठेगी कल या परसों आ सकती है दूसरी सूची

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

भिलाई। कांग्रेस केन्द्रीय चुनाव उपसमिति की बैठक आज होने जा रही है। उम्मीद है कि पार्टी बुधवार या गुरूवार को प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दे। आज की बैठक में प्रमुख रूप से हारी हुई सीटों पर चर्चा होने की संभावना है। पिछली बैठक के बाद कई सीटों पर चर्चा के बाद भी सहमति नहीं बन पाई थी। सिर्फ प्रारंभिक बातचीत के बाद ऐसे नामों पर अगली बैठक में विचार करने का निर्णय लिया गया। आज की बैठक इसलिए भी अहम् है, क्योंकि इसमें विधायकों के टिकट काटे जाने को लेकर फैसला लिया जाएगा। रविवार को जब कांग्रेस ने पहली सूची जारी की थी, तब कुल 8 विधायकों के टिकट काटे गए थे।

सीईसी की बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल ही दिल्ली रवाना हो चुके हैं। बैठक में केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ के नेता भी भागीदारी करेंगे। इनमें सीएम भूपेश के अलावा प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, उपमुख्यमंत्री व केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य टीएस सिंहदेव और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल हैं। माना जा रहा है कि आज की बैठक में नए चेहरों को मौका देने पर सहमति बन सकती है। पार्टी का फोकस खासतौर पर युवाओं पर है। ऐसे में जिन सीटों पर पार्टी को पिछले चुनाव में हार मिली थी, वहां युवा चेहरों को तरजीह दी जा सकती है। पहली सूची में दुर्ग जिले की 6 में से महज 2 सीटों पर ही प्रत्याशी तय हो पाए थे। बाकी बकी 4 में से 2 सीटों पर पिछली बैठक में चर्चा हुई थी, लेकिन निर्णय नहीं हो पाया था। ऐसे में संभावना है कि इन दो सीटों पर प्रत्याशी के नाम फायनल हो जाएंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यदि आज की बैठक में सभी नाम तय नहीं हो पाए तो जिले की दो कथित विवादित सीटों का ऐलान तीसरी सूची में किया जाएगा। इधर, आज की बैठक को लेकर दावेदारों में खासी बेचैनी है। इन दावेदारों ने अपने-अपने जरिए रायपुर से दिल्ली तक को खंगालने की कोशिश भी की है। इसी आधार पर कांग्रेस की राजनीति में कयासों का दौर चल रहा है। यह चर्चा जोरों पर है कि किस विधायक का टिकट काटा जा रहा है और किसे चुनाव लड़ने का अवसर मिलने जा रहा है।



### जो क्षेत्र में सक्रिय, उन्हें हरी झंडी

कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 8 विधायकों के टिकट काटे थे। वहीं ज्यादातर विधायकों को पहले ही संकेत मिल चुके हैं कि उन्हें चुनाव लड़ना है। ऐसे विधायकों ने क्षेत्र में तैयारियां भी शुरू कर दी है। दिल्ली रवाना होने से पहले केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य टीएस सिंहदेव ने भी इस ओर इशारा किया। उन्होंने क्रिकेट वर्ल्ड कप की खुमारी में कहा कि जो खिलाड़ी फार्म में चल रहा है, उनकी टिकट तय है। उनका इशारा स्पष्ट था कि जो विधायक क्षेत्र में सक्रिय हैं, उनकी टिकट नहीं कटने जा रही है। हालांकि सिंहदेव ने यह भी स्पष्ट किया कि बाकी बची 60 सीटों में कई नामों को बदला जा सकता है। इसके लिए उनका कामकाज और कार्यप्रणाली को देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि टीम में कोई खिलाड़ी ओपनर होता है तो कोई तीसरे नंबर पर खेलता है। टीम की जरूरत के हिसाब से बदलाव होते रहते हैं।

### विधायकों के टिकट काटने की रणनीति

विधानसभा के चुनाव हों या लोकसभा के, भाजपा प्रत्येक चुनाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के टिकट काटती है। कहा जाता है कि ये फॉर्मूला एंटी इनकम्बेंसी की काट में सहायक होता है। 30 सीटों के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट में कांग्रेस की भी यही रणनीति झलक रही है। कांग्रेस ने सीटिंग विधायकों के टिकट काटने के साथ ही भाजपा वाली एक और रणनीति अपनाई है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ चुनाव में सांसद दीपक बैज को भी चुनाव मैदान में उतार दिया है। दीपक बैज छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। वह चित्रकोट सीट से चुनाव मैदान में हैं। कहा तो ये भी जा रहा है कि दूसरी सूची में पार्टी कुछ और बड़े चेहरों को भी मैदान में उतारने का ऐलान कर सकती है। कांग्रेस की पहली सूची में एसटी आरक्षित 14 और एससी आरक्षित तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम हैं। 17 आरक्षित सीटें हटा दें तो सामान्य वर्ग की 13 सीटों के लिए पार्टी ने उम्मीदवारों का ऐलान किया है। 13 सामान्य सीटों में से नौ सीटों से पार्टी ने अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी से आने वाले नेताओं पर दांव लगाया है। ओबीसी के नौ में से तीन उम्मीदवार साहू समाज से हैं।

### जातिगत समीकरणों को ज्यादा तवज्जो

कई चरणों की प्रक्रिया के बाद सीईसी तक पहुंचे उम्मीदवारों के नामों को फायनल करने में कई समीकरण ध्यान में रखे जा रहे हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण जातिगत समीकरण है। क्षेत्र की आबादी और वहां की जनसंख्या, प्रत्याशी की जाति और क्षेत्र में उसकी स्थिति आदि का विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है। हालांकि छत्तीसगढ़ से दिल्ली भेजे गए नाम ज्यादतर सिंगल ही हैं, लेकिन कई नामों को लेकर सामंजस्य नहीं बन पाया। ऐसे ही नामों को पेंडिंग में डाल दिया गया था। आज की बैठक में ऐसे नामों के साथ अब स्थानीय हालातों को देखकर गुण-दोष तय किया जाएगा। पार्टी सूत्रों की मानें तो दूसरी सूची में 40 के आसपास प्रत्याशियों की सूची जारी हो सकती है। सीईसी की पिछली बैठक 12 अक्टूबर को हुई थी, जब पितृपक्ष चल रहा था। जबकि पहली सूची 15 अक्टूबर के नवरात्र के पहले दिन जारी की गई।

## खास - खबर

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला- समलैंगिक विवाह को कानूनी वैधता नहीं, 3-2 के अंतर से आया निर्णय

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर वैधता देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 3-2 के 3-2 के बहुमत के फैसले से कहा कि इस तरह की अनुमति सिर्फ कानून के जरिए ही दी जा सकती है और कोर्ट विधायी मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। गौरतलब है कि कोर्ट ने 10 दिनों की सुनवाई के बाद 11 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

समलैंगिक विवाह पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, विवाह का कोई अयोग्य अधिकार नहीं है सिवाय इसके कि इसे कानून के तहत मान्यता प्राप्त है। नागरिक संघ को कानूनी दर्जा प्रदान करना केवल अधिनियमित कानून के माध्यम से ही हो सकता है। समलैंगिक संबंधों में ट्रांससेक्सुअल व्यक्तियों को शादी करने का अधिकार है। न्यायमूर्ति रवीन्द्र भट्ट ने कहा, जब गैर-विषमलैंगिक जोड़ों के बीच विवाह का कोई संवैधानिक अधिकार या संघों की कानूनी मान्यता नहीं है तो न्यायालय राज्य को किसी भी दायित्व के तहत नहीं डाल सकता है। उन्होंने कहा कि समलैंगिक जोड़ों के बच्चा गोद लेने के अधिकार पर ष्टछ्वढ्ढ डीवाई चंद्रचूड़ से असहमत हैं और इस मामले पर कुछ चिंताएं जताते हैं।

### कोविड-19 : कई देशों में बढ़ा नए वैरिएंट्स का संक्रमण

**नईदिल्ली।** दुनिया के कई देशों में कोरोना के नए वैरिएंट्स के मामलों के बढ़ने की खबरें हैं। यूके-यूएस से लेकर सिंगापुर सहित कई अन्य देशों में कोरोना के ओमिक्रॉन और इसके सब-वैरिएंट्स के कारण अस्पतालों में रोगियों की संख्या बढ़ी है। इन वैरिएंट्स के प्रारंभिक अध्ययनों में पाया गया है कि नए वैरिएंट्स के कारण गंभीर रोगों का जोखिम कम है, हालांकि इसकी संक्रामकता दर अधिक हो सकती है जिसके कारण तेजी से संक्रमण बढ़ने का खतरा हो सकता है। सभी लोगों को कोरोना के इन नए वैरिएंट्स से बचाव को लेकर सावधानी बरतते रहने की सलाह दी गई है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, महामारी के बाद दुनियाभर में वैक्सीनेशन की दर बढ़ी है, ज्यादातर लोगों में प्राकृतिक संक्रमण से भी कोरोना के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो चुकी है, जिससे संक्रमण की स्थिति में गंभीर रोग होने का खतरा कम हो जाता है। नए वैरिएंट्स के जोखिमों को देखते हुए वैक्सीनों को भी अपडेट किया गया है, जिससे संक्रमण के खतरे को कम किया जा सके। नए वैरिएंट्स में अतिरिक्त म्यूटेशन देखे गए हैं, जो इसे पहले से शरीर में बनी प्रतिरक्षा को चकमा देने में मदद करती है। तो क्या कोरोना से बचाव के लिए सभी लोगों को इन अपडेटेड वैक्सीन की जरूरत है यह एक बड़ा सवाल है।

## राज्य सरकार और सीजीपीएससी ने कोर्ट में पेश की जांच रिपोर्ट, छह अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** सीजीपीएससी भर्ती में गड़बड़ी मामले को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सोमवार को राज्य सरकार और सीजीपीएससी ने जवाब पेश कर दिया है। बंद लिफाफे में राज्य शासन और आयोग ने जांच रिपोर्ट पेश की है। जिस पर याचिकाकर्ता के वकील ने रिज्वाइंडर प्रस्तुत करने के लिए के लिए दो हफ्ते का समय मांगा है। अब मामले की सुनवाई छह नवंबर को होगी।

पिछली सुनवाई के दौरान राज्य शासन की तरफ से मामले की सुनवाई के लिए समय मांगा गया था। इसके बाद हाईकोर्ट ने 16 अक्तूबर तक मोहलत दी थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य शासन की तरफ से कहा गया है कि सीजीपीएससी भर्ती की आयोग के विशेषज्ञों की टीम द्वारा जांच की गई है। वही जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की गई है। बताया जा रहा है कि जांच रिपोर्ट में किसी तरह की कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता भाजपा नेता ननकी राम कंवर के वकील ने प्रतिजवाब प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह नवंबर तक बढ़ा दी है।



बता दें कि सीजीपीएससी 2021-22 फर्जीवाड़ा और नियुक्ति रद्द करने की मांग को लेकर पूर्व गृहमंत्री और विधायक ननकी राम कंवर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में पीएससी की ओर से भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा का आरोप लगाते हुए 18 चयनित उम्मीदवारों की सूची कोर्ट के सामने पेश की है। इसमें पीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के पांच से ज्यादा करीबी रिश्तेदारों को नियुक्ति देने का आरोप है। साथ ही राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव अमृत खलखो के बेटी और बेटे, मुंगेली के तत्कालीन कलेक्टर एल्मा के बेटे, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला के बेटे, बस्तर नक्सल ऑपरेशन डीआईजी की बेटी सहित 18 लोगों की सूची पेश की गई है।

### मध्यप्रदेश में कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी

## छत्तीसगढ़ की तर्ज पर होगी धान व गेंहू की खरीदी, गोबर के मिलेंगे 2 रुपए किलो

**भोपाल (एजेंसी)।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपना वचन पत्र मंगलवार दोपहर जारी किया। इसमें युवा, महिला और किसानों पर फोकस किया गया। महिलाओं के लिए प्रियदर्शिनी नाम से अलग से प्रविधान किए गए हैं। पार्टी की ओर से घोषित गारंटियों को शामिल करते हुए वचन पत्र को अंतिम रूप दिया गया है।

इसे पार्टी के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और वचन पत्र समिति के अध्यक्ष डा. राजेंद्र कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह, कांतिलाल भूरिया, विवेक तन्खा समेत अनेक नेताओं की उपस्थिति में घोषणा पत्र जारी किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने पार्टी के वचन पत्र विमोचन के मौके पर कहा कि कांग्रेस का चुनाव में नारा रहेगा कांग्रेस आएगी खुशहाली लाएगी। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि वचन पत्र में महिलाओं के लिए जो प्रावधान किए गए हैं, उन्हें अलग से प्रियदर्शिनी नाम से प्रदर्शित किया गया है।

### घोषणा पत्र की खास बातें




- कांग्रेस सरकार ढाई हजार रुपए प्रति क्विंटल धान और गेहूं 2600 क्विंटल की दर पर खरीदेंगे।
- 2 रुपए किलो की दर से गोबर खरीदा जाएगा।
- नंदिनी योजना प्रारंभ होगी। 2 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी।
- युवा स्वाभिमान योजना प्रारंभ होगी 1500 से 3000 रुपये तक दिए जाएंगे।
- 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा देंगे।
- स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाया जाएगा।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना 1200 रुपये प्रतिमाह की जाएगी।
- मेरी बेटी योजना में 251000 रुपये दिए जाएंगे।
- आइपीएल में मध्य प्रदेश की टीम बने, इसका प्रयास किया जाएगा।
- आउटसोर्सिंग कर्मचारी के साथ न्याय होगा।
- महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह और पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलेंडर।
- एक करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली नि:शुल्क और 200 यूनिट तक आधी दर पर देंगे।
- स्कूली बच्चों को प्रतिमाह 500 से 1,500 रुपये देने के लिए पढ़ो पढ़ाओ योजना।
- कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू करने, किसानों को कर्ज माफी देंगे।
- पांच हार्सपावर तक के कृषि पंप के लिए नि:शुल्क बिजली।
- पुराने बिजली बिल की माफ, सिंचाई के लिए 12 घंटे बिजली।
- आदिवासियों के ऊपर दर्ज प्रकरणों की वापसी।
- ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने जाति आधारित गणना कराने की गारंटी।

## कब्रिस्तान की जमीन पर बने बसपा नेता के होटल पर चला बुलडोजर

■ 20 करोड़ की बिल्डिंग मिट्टी में मिली

**फर्रुखाबाद।** जिले की ठंडी सड़क पर कब्रिस्तान की जमीन पर बने गैंगस्टर व बसपा नेता के होटल गुरुशरणम् पर सोमवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा। तीन मंजिला होटल पर सुबह छह बजे से शुरू हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। इस दौरान सुरक्षा की खातिर चार जिलों के एएसपी, सीओ व 400 जवान लगाए गए थे। होटल से करीब 300 मीटर की परिधि में प्रशासन ने कर्फ्यू जैसे हालात पैदा कर दिए। आसपास के भवनों पर लोगों के चढ़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। डीएम और एसपी ने भी मौके का जायजा लिया। बसपा नेता की पत्नी मीनाक्षी दुबे की हाईकोर्ट से स्टे की बात भी काम नहीं आई।



फतेहगढ़ के मोहल्ला कसरट्टा निवासी गैंगस्टर एक्ट का आरोपी बसपा नेता डॉ. अनुपम दुबे इन दिनों आगरा जेल में बंद है। अनुपम के ठंडी सड़क पर बने आलीशान गुरुशरणम् होटल को डीएम ने सुनवाई के बाद कब्रिस्तान की जमीन पर बना होना पाया था। सोमवार सुबह करीब छह बजे तहसीलदार श्रद्धा पांडेय, एएसपी डॉ. संजय कुमार सिंह, कादरीगेट व कोतवाली इंस्पेक्टर, नगर पालिका की टीम बुलडोजर, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ सील होटल पहुंची। तहसीलदार ने सील खोलकर होटल से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सामान भरवाकर डूडा के पुराने भवन में भिजवा दिया। सुबह करीब 11 बजे बसपा नेता की पत्नी मीनाक्षी दुबे पहुंचीं। उन्होंने हाईकोर्ट से स्टे की बात कही, मगर पुलिस ने लालगेट से अंदर नहीं जाने दिया।

हालांकि उनके जाते ही डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी विकास कुमार होटल पर पहुंचे। उन्होंने होटल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करवा दी। ध्वस्त किए गए होटल की लागत करीब 20 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

## 'निर्भया' के पिता को भी देना था टिकट

श्रीकंचनपथ




तुष्टिकरण की व्याख्या अजीब है. राजनीति में इस शब्द का अर्थ बेहद सीमित है। इस शब्द का उल्लेख केवल धार्मिक अल्पसंख्यकों के मामलों में होता है। खासकर उन अल्पसंख्यकों के मामले में जिनके पंथ का उदय भारत की धरती पर नहीं हुआ। इन मामलों को छोड़ दिया जाए तो चुनावों में साड़ी-दारू-नगदी, जातिगत आधार पर प्रत्याशी चयन, आरक्षित सीटें, आदि इसके दायरे में नहीं आतीं। पर छत्तीसगढ़ में अब जो हुआ और हो रहा है, वह शायद देश के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। आपसी झगड़े में एक युवक की हत्या कर दी गई। हत्यारे दूसरी कौम के थे। सांप्रदायिक तनाव का माहौल भी बना जिसकी आंच को पुलिस प्रशासन ने अपनी सूझबूझ से भड़कने नहीं दिया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जैसा कि अमूमन होता है, स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो गई। भाजपा ने मृतक के पिता को साजा विधानसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। उम्मीद है कि मृतक के पिता को सहानुभूति के रूप में कुछ वोट मिल जाएं। उनकी उम्मीदवारी जातिगत समीकरण पर भी फिट बैठती है। पर इसके बाद केन्द्रीय गृह मंत्री ने जो किया, वैसा पहले कभी नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ में चुनाव की घोषणा हो चुकी है। यहां आचार संहिता लागू है। गृहमंत्री ने इस मामले को सांप्रदायिक दंगा बताया। एक ऐसा सांप्रदायिक दंगा जो केवल एक व्यक्ति के खिलाफ था, किसी समूह के खिलाफ नहीं। उन्होंने इसे तुष्टिकरण से भी जोड़ा। इस आग में घी डालने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा भी आने वाले हैं। हालांकि, योगी के लिये यहां करने को ज्यादा कुछ नहीं है। योगी सिर्फ अपराधियों पर सख्ती के लिए जाने जाते हैं फिर चाहे वो किसी भी कौम के क्यों न हों। जिस राज्य का वो नेतृत्व करते हैं वहां कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए काफी सूझबूझ की जरूरत होती है। उन्हें संभवत: छत्तीसगढ़ सरकार की कोई गलती दिखाई ही न दे। पर यही बात हिमन्ता के लिए नहीं कही जा सकती। कुछ ही समय पहले कांग्रेस से भाजपा में आए हिमंता अभी ज्यादा प्याज खा रहे हैं। वो वही कहेंगे जो पार्टी लाइन होगी। बहरहाल, यहां बात तुष्टिकरण की हो रही थी। यदि मृतक का पिता होना ही विधानसभा में जाने के लिए काफी है तो भाजपा को योग्य प्रत्याशी की बातें करना बंद कर देना चाहिए। बल्कि उसे तो निर्भया के पिता को भी संसद में बुला लेना चाहिए। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं जब राजनीति में महिला आरक्षण पर पार्टी के बड़े नेताओं ने कहा था कि लोकसभा और विधानसभाओं को चावड़ी बाजार नहीं बनाया जा सकता। पूछा जा सकता है कि जब किसी को केवल इसलिए टिकट दिया जा सकता है कि उसे सहानुभूति का लाभ मिलेगा, तो देश की आधी आबादी को संसद और विधानसभाओं की आधी सीटें क्यों नहीं दे दी जानी चाहिए।



## संपादकीय

### निठारी और न्याय

नोएडा में हुए निठारी हत्याकांड के आरोपियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया। यह केंद्रीय जांच ब्यूरो की उदासीनता का नतीजा है या न्याय की जीत? उच्च न्यायालय में सीबीआई इस मामले में अकाट्य सुबूत पेश नहीं कर पाई। आरोपियों- सुरिंदर कोली और उसके नियोक्ता मोनिंदर सिंह पंढेर को साल 2005-2006 के निठारी सिलसिलेवार हत्याओं के लिए गिरफ्तार किया गया था और निचली अदालत ने दोनों को फांसी की सजा सुनाई थी। दोनों आरोपियों ने उच्च न्यायालय में फांसी की सजा को चुनौती दी थी और अब न्यायालय ने न केवल फांसी की सजा को खत्म कर दिया है, बल्कि दोनों को बरी भी कर दिया है। निठारी कांड के पीड़ितों में नाराजगी है और उनके वकील ने भी सीबीआई पर सवाल उठाए हैं। निचली अदालत की सजा को कायम रखने के लिए उच्च न्यायालय में भी सीबीआई को अकाट्य प्रमाण पेश करने चाहिए थे, पर दलीलों व सुबूतों में संदेह की गुंजाइश इतनी ज्यादा रही कि आरोपियों को बचने का रास्ता मिल गया। निठारी के आरोपियों के बरी होने से इस धारणा को बल मिला है कि पीड़ित चूंकि गरीब हैं, इसलिए उनके साथ न्याय नहीं हो पाता है। ज्यादातर पीड़ित बंगाल व बिहार से आए मजदूर परिवार से ताल्लुक रखते थे। कई बच्चियों, बच्चों और महिलाओं की जान निठारी कांड में गई थी, लेकिन अब दोनों आरोपियों के बरी होने के बाद क्या पुलिस और सीबीआई फिर इस 17 साल पुराने मामले की जांच कर पाएगी? वैसे कायदा तो यही है कि सीबीआई को सर्वोच्च न्यायालय में अकाट्य सुबूतों के साथ पेश होना चाहिए।

> “निठारी कांड में नौकर कोली को 12 मामलों में, जबकि मालिक पंढेर को दो मामलों में मौत की सजा सुनाई गई थी। एक समय यह भी धारणा बन रही थी कि नौकर ने ही तमाम हत्याओं को अंजाम दिया है। खैर, निचली अदालत ने दोनों को ही दोषी माना था, पर अब उनके बरी होने के बाद अनेक सवाल खड़े हो गए हैं। आखिरी निठारी कांड का पूरा सच क्या है? निठारी गांव के नाले में मानव कंकाल कैसे मिले थे?

क्या उन सुबूतों में कोई दम नहीं था, जिनके आधार पर निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी? निठारी कांड में नौकर कोली को 12 मामलों में, जबकि मालिक पंढेर को दो मामलों में मौत की सजा सुनाई गई थी। एक समय यह भी धारणा बन रही थी कि नौकर ने ही तमाम हत्याओं को अंजाम दिया है। खैर, निचली अदालत ने दोनों को ही दोषी माना था, पर अब उनके बरी होने के बाद अनेक सवाल खड़े हो गए हैं। आखिरी निठारी कांड का पूरा सच क्या है? निठारी गांव के नाले में मानव कंकाल कैसे मिले थे? कोली तो बार-बार यही कह रहा था कि जांचकर्ताओं ने उसे फंसाया है और शुरुआती इकबालिया बयान के आधार पर ही पुलिस ने मामला बनाया था। यह बात सर्वविदित है कि पुलिस के सामने इकबालिया बयान का अदालत में कोई खास महत्व नहीं होता है। अदालतें आमतौर पर यह मानकर चलती हैं कि पुलिस दबाव डालकर बयान लिखवाती है। पुलिस या जांच एजेंसियों की असली परीक्षा तब होती है, जब अदालत में सुनवाई शुरू होती है। यह दुखद है कि सीबीआई नाकाम रही है। किसी भी एजेंसी के लिए केवल आरोप लगाने या चलाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है, अकाट्य सुबूत के आधार पर उनको प्रमाणित करना। वैसे यह कोई पहला मामला नहीं है, जिसमें देश की एक प्रमुख जांच एजेंसी अपराध को साबित करने में नाकाम रही है। साल 2008 के आरुषि तलवार दोहरे हत्याकांड में भी जांच एजेंसी कातिलों को खोज नहीं पाई। बोफोर्स, हवाला, 2-जी स्पेक्ट्रम, कोयला घोटाला, बेल्लारी अवैध खनन घोटाला भी ऐसे कुछ ज्वलंत मामले हैं, जिनमें जांच एजेंसी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। निठारी कांड भी प्रमुख जांच एजेंसी की नाकामियों में शुमार न होने पाए, इसके लिए पुख्ता प्रयास किए जाने की जरूरत है, तभी जांच एजेंसी अपने प्रति लोगों के विश्वास को बढ़ा पाएगी।

## कैसे होगी देश की रक्षा?

जम्मू-कश्मीर में तैनात एक अग्निवीर की मौत ने देश की सुरक्षा के प्रति अपनाए जा रहे कैजुएल नजरिए को बेनकाब कर दिया है। हालांकि सेना ने इस बारे में उठाए जा रहे सवालों को दुर्भाग्यपूर्ण कहा है, लेकिन जो प्रश्न उठे हैं, उन्हें सिरे से खारिज नही किया जा सकता। सेना ने बताया है कि पंजाब निवासी अग्निवीर अमृतपाल सिंह की राजौरी सेक्टर में ड्यूटी के दौरान अपने ही बंदूक की गोली लग जाने से मौत हो गई। विवाद इसको लेकर उठा कि अमृतपाल सिंह की अंत्येष्टि उस राजकीय सम्मान के साथ नही हुई, जो आम तौर पर ड्यूटी पर तैनात सैनिकों की मृत्यु होने के बाद उन्हें दी जाती है। अग्निवीरों को वेतन-भत्ते के साथ-साथ ड्यूटी पर मौत के बाद दी जाने वाली सुविधाएं स्थायी सैनिकों से नहीं हैं, यह बात तो पहले से विवादित रही है। यह निर्विवाद है कि देश की रक्षा से जुड़े मसलों को राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए। बहरहाल, यह अपेक्षा उचित नहीं है कि आधुनिक चुनौतियों के बीच देश की सुरक्षा व्यवस्था को क्या दिशा और स्वरूप दिया जा रहा है, इस पर देश में कोई चर्चा नहीं हो।

अग्निवीरों की नियुक्ति एक तरह से राष्ट्रीय सुरक्षा के अस्थायीकरण की सोच के तहत हो रही है। ऐसा उस दौर में हो रहा है, जब पड़ोसी चीन युद्ध को परंपरागत दायरों के साथ-साथ साइबर, अंतरिक्ष और इलेक्ट्रॉमैग्निटिक जैसे नए दायरों मे लड़ने की तैयारी कर रहा है। साथ ही वह अपनी सैन्य व्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स का इस्तेमाल करने लगा है। ऐसी खबरें भी हैं कि चीन और पाकिस्तान सैन्य तैयारियों के क्षेत्र में तालमेल बढ़ा रहे हैं। उस स्थिति में भारत अपनी रक्षा व्यवस्था में उन लोगों को जिम्मेदारी दे रहा है, जिनकी नियुक्ति सिर्फ चार साल के लिए हो रही है और जिन्हें एवं जिनके परिजनों वैसी सामाजिक सुरक्षा का आश्वासन नहीं है, जो स्थायी सैनिकों को मिलता है। इसलिए इस सोच पर सवाल उठेंगे। बेहतर होगा कि सरकार इस बारे में देश को भरोसे में ले, ताकि वैसे विवाद से बचा जा सके, जो अमृतपाल सिंह की मौत के बाद खड़ा हुआ है।

## विपक्षी उम्मीदवारों की पहली सूची तैयार

समाजवादी पार्टी ने अगले लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के संभावित उम्मीदवारों की पहली सूची तैयार कर ली है। इसमें परिवार की पारंपरिक चार या पांच सीटें हैं। इन सीटों के अलावा सात या आठ सीटों पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के उम्मीदवारों की घोषणा अगले कुछ दिन में हो सकती है। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटें भी हैं, जहां जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल विपक्ष के गठबंधन में है और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सीटें भी हैं, जहां कृष्णा पटेल की अपना दल कमेरावादी भी 'इंडिया' का हिस्सा है। परिवार की पारंपरिक सीटों- आजमगढ़, कन्नौज, मैनपुरी, बदायूं और फिरोजाबाद के अलावा जिन सीटों पर सपा के उम्मीदवार तय हो जाने की बात कही जा रही है उनमें लखनऊ की सीट भी है। इस सीट से भाजपा के दिग्गज राजनाथ सिंह सांसद हैं। पिछली बार समाजवादी पार्टी ने शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को लड़ाया था और कांग्रेस से आचार्य प्रमोद कृष्णम लड़े थे। दोनों का साझा वोट 42 फीसदी था, जबकि राजनाथ सिंह को 57 फीसदी के करीब वोट मिले थे। बहरहाल, कहा जा रहा है कि इस बार लखनऊ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी अपने पुराने नेता रविदास मेहरोत्रा को लड़ा सकती है। वे लखनऊ मध्य सीट से विधायक हैं। समाजवादी पार्टी की सरकार में 2012-17 तक वे मंत्री भी रहे थे। जानकार सूत्रों के मुताबिक समाजवादी पार्टी के अलावा सहयोगी पार्टियों के नेताओं के नाम भी कुछ सीटों पर तय कर दिए गए हैं।

> “ तारबंदी और आबादी के बीच कई सौ गज का फासला था, यानी इमारतों के पीछे छिपे हमलावर दौड़ते हुए या वाहनों से उनकी तरफ बढ़े होंगे, तब भी उन्हें तारबंदी तक पहुंचने में कुछ मिनट तो लगे ही होंगे। अवरोध पर लगे सेंसरों ने चेतावनी क्यों नहीं दी? उन पर लगे कैमरे या अलार्म क्या करते रहे? तस्वीरों में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर वॉच टावर दिख रहे थे, उन पर खड़े संतरियों द्वारा कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं हुई?

# इजरायल से बेहतर है भारतीय तारबंदी

विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी



सात अक्टूबर 2023 को अपने नागरिकों पर हमास द्वारा किए गए हमलों को इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सिर्फ अप्रत्याशित या अभूतपूर्व होने के कारण इजरायल का 9/11 घोषित नहीं किया था, दोनों घटनाओं में एक अन्य समानता भी थी। दोनों में दुनिया की दो सबसे दक्ष और साधन-संपन्न खुफिया एजेंसियों- सीआईए और मोसाद की विफलताओं की कहानियां दर्ज हैं। मैंने अविश्वास से न्यूज चैनलों पर 7 अक्टूबर की अलसुबह हमास के हजार से ज्यादा लड़ाकों को गाजा इजरायल सीमा पर लगी तारबंदी को तोड़कर या उसके ऊपर खिलौनों से ग्लाइडरों के सहारे उड़कर यहूदी इलाकों में घुसते बार-बार देखा। मेरी इस उत्सुकता के पीछे किसी सामान्य नागरिक की जिज्ञासा मात्र नहीं थी। मैं कई वर्षों तक एक ऐसे संगठन का खुफिया प्रमुख रह चुका था, जिसका काम भारतीय सीमा पर लगी तारबंदी की हिफाजत करना था और जिसके कम से कम एक पड़ोसी देश की नीयत में इस अवरोध को लेकर हमेशा खोट रहती थी। मैं उसी पेशेवर दृष्टिकोण से इस अविश्वसनीय को घटते हुए देख रहा था।

हमारे सामने दुनिया भर में फैले कई मॉडल थे और हम उनसे तुलना कर अपनी व्यवस्था को बेहतर बनाने की कोशिश करते रहते थे। हमें इजरायल की फेंसिंग या तारबंदी हमेशा सबसे प्रभावी लगती थी। एक पंक्ति वाली तारबंदी के साथ 'फोर्स मल्टीप्लायर' के रूप में पहचाने जाने वाले तमाम इलेक्ट्रिक गैजेट्स उनको अभेद्य बनाते थे। फिर ऐसा कैसे हुआ कि बिना किसी पूर्व चेतावनी, यह बाधा टूटी भी और अगले कई घंटों तक हमलावरों को किसी प्रभावी प्रतिरोध का सामना भी नहीं करना पड़ा? मैंने दृश्यों को गौर से देखा। तारबंदी और आबादी के बीच कई सौ गज का फासला था, यानी इमारतों के पीछे छिपे हमलावर दौड़ते हुए या वाहनों से उनकी तरफ बढ़े होंगे, तब भी उन्हें तारबंदी तक पहुंचने में कुछ मिनट तो लगे ही होंगे। अवरोध पर लगे सेंसरों ने चेतावनी क्यों नहीं दी? उन पर लगे कैमरे या अलार्म क्या करते रहे? तस्वीरों में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर वॉच टावर दिख रहे थे, उन पर खड़े संतरियों द्वारा कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं हुई? एक बार अवरोध टूट जाने के बाद हमास के लड़ाकों को पहला मजबूत प्रतिरोध कई घंटों बाद क्यों मिला? क्या इजरायल के सैन्य कमांडरों ने इस स्थिति की परिकल्पना ही नहीं की थी और ऐसी किसी आकस्मिकता के लिए किसी त्वरित कार्रवाई बल की व्यवस्था नहीं थी? जाहिर है, इन सवालों के उत्तर मेरे पास नहीं हैं और तथ्यों के उजागर होने पर ही कुछ कहा जा सकेगा।

महान जर्मन कवि और नाटककार ब्रेख्त की एक कविता की पंक्तियां हैं, जिनमें कवि कहता है कि जनरल तुम्हारा टैंक बड़ा ताकतवर है, पर उसकी एक कमजोरी है कि उसे चलाने के लिए एक अदद मनुष्य की जरूरत पड़ती है। यहां इजरायल की सबसे बड़ी कमजोरी यही समझ में आती है कि सीमा पर लगी बाड़ पर गैजेट्स तो बहुत थे, मगर उनके पीछे का मनुष्य या तो अनुपस्थित था या फिर असावधान। मैंने जान-बूझकर मोसाद या किसी खुफिया एजेंसी की असफलता की बात नहीं की। वह तो असफल हो ही गई और दो वर्षों से चल रही यह तैयारी उसकी पकड़ में नहीं आई, पर ऐसा कैसे हुआ कि तारबंदी के ईद-गिर्द खुलेआम घटी गतिविधियां भी उसकी नजरों से ओझल रहीं? कारणों की पड़ताल तो इजरायली सरकार करेगी ही, लेकिन सीमा पर स्थित बाड़ के साथ क्या हुआ, यह तो नंगी आखों से किसी को भी दिख रहा था।

भारतीय सीमा पर लगे बाड़ इजरायल के मुकाबले सैकड़ों गुना बड़े हैं। वे पहाड़ी, रेगिस्तानी और दरियाई इलाकों से गुजरते हैं और स्वाभाविक रूप से अपनी सुरक्षा में लगे जवानों की रोज मुश्किल परीक्षा लेते हैं। इस तारबंदी पर तापमान शून्य के नीचे से लेकर 50 डिग्री सेल्सियस तक कुछ भी हो सकता है। दुश्मन से ज्यादा हमें प्रकृति से निपटना पड़ता है। इसके बाद भी गाजा जैसी स्थिति कभी पैदा नहीं हुई, जिसमें सैकड़ों लोग उसे तोड़ते या ऊपर से हवा में तैरते पार कर गए हों। बीच-बीच में ऐसा जरूर होता है कि तमाम सावधानियों के बावजूद कोई छोटी टुकड़ी तारबंदी से निकल जाए, लेकिन ज्यादातर मामलों में उनकी मुठभेड़ अगले कुछ ही घंटों में किसी क्यूआरटी से हुई और बिना अधिक नुकसान पहुंचाए वे पकड़े गए या मारे गए। भारतीय और इजरायली स्थितियों की तुलना दिलचस्प होगी।

भारतीय तारबंदी पर दुश्मन के लिए सबसे बड़ी रुकावट वह जवान है, जो रात-दिन तारबंदी की हिफाजत करता है। कोई शक नहीं कि इजरायली सीमा पर उपकरण ज्यादा बेहतर होंगे, पर इस घटना ने यह भी साबित कर दिया कि गैजेट्स के पीछे खड़े मनुष्य के रूप में भारतीय ज्यादा बेहतर हैं। जिस रात गाजा की सीमा का उल्लंघन हुआ, वह यहूदियों के पवित्र त्योहार का अवसर था और वे उत्सवी उल्लास में डूबे हुए थे। भारतीय जवानों को भी साल भर ऐसे उत्सव मनाने के मौके आते रहते हैं, पर उन्होंने इस वजह से कभी अपनी चौकसी ढीली कर दी हो, इसके प्रमाण नहीं मिलते हैं। यह शायद एक धर्म के अनुयायियों से निर्मित और उसके बरक्स तमाम धर्मों को मानने वालों को लेकर खड़ी की गई धर्मनिरपेक्ष सेना का फर्क भी है, जो भारतीय जवान को एक बेहतर सैनिक बनाता है।


विश्लेषक मान रहे हैं कि पिछले कुछ दशकों में तीन बड़ी लड़ाइयां जीतने के कारण इजरायली नेतृत्व और सेना में एक खास तरह का आत्मविश्वास आ गया था, जो उन्हें जमीनी यथार्थ को वस्तुपरक ढंग से देखने-समझने से रोक रहा था। हमास के नेतृत्व ने कहना शुरू कर दिया है कि उन्होंने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है और वह युद्ध विराम के लिए तैयार है। इतनी पिटाई के बाद उन्होंने कौन-सा लक्ष्य हासिल कर लिया, इसे तो वही जानें, पर इतना जरूर है कि विश्व को यह एहसास जरूर हो गया है कि इस समस्या का कोई स्थायी हल जल्द नहीं निकला, तो नतीजे बड़े भयानक होंगे।

अब जब अधिकतर मुस्लिम मुल्क फिलिस्तीन और यहूदी, दो अलग देशों की हकीकत को स्वीकार करने लगे हैं, हमास जैसे चरमपंथी इस्लामी गुट और इजरायल के अतिवादी दक्षिणपंथी दल उसमें रुकावट बन रहे हैं। वैश्विक शक्तियों को उन पर दबाव डालकर उन्हें साथ बिठाना होगा और दीर्घकालीन शांति के लिए यहूदी और फिलिस्तीन, दो स्वतंत्र और सार्वभौम राष्ट्रों को अस्तित्व में लाने के लिए प्रयास करना होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# दूर बैठकर हाथ सेंकने वाले ज्यादा भड़का रहे हैं आग

मनु जोसेफ, पत्रकार और उपन्यासकार



इजरायल की किस्मत थी कि वहां से नीरस तस्वीरें आ रही थीं। लेवांत (पश्चिम एशिया का पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र) के सारे जख्म बाड़ की दूसरी तरफ गाजा में दिख रहे थे। मगर बीती 7 अक्टूबर को यह स्थिति बदल गई, जब हमास के आतंकियों ने हजार से अधिक इजरायलियों को उनके घरों में मार डाला। इस नरसंहार के बाद दुनिया के कई हिस्सों में मुसलमानों ने खुशियां मनाई। फिलिस्तीनी अरबों के समर्थन में पश्चिमी यूरोप और अमेरिका के मुस्लिमों ने उत्सव जुलूस निकाले। फिलिस्तीनियों को लेकर संपन्न मुस्लिम तबके की भावनाएं, जिसने कभी गरीब देशों से पश्चिम की ओर पलायन किया था, अमूमन मानवता के प्रति उनके प्रेम के रूप में सामने आती है, क्योंकि मरते फिलिस्तीनी 'नागरिक' हैं, लेकिन इजरायली नहीं। सहानुभूति का लबादा ओढ़कर काम करने की आदी फातिमा भुट्टो ने एक एक्टिविक्ट का पोस्ट एक्स पर साझा किया- इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि कब्जा करने वालों के खिलाफ फिलिस्तीनियों का सशस्त्र प्रतिरोध अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत वैध है। समान सोच वाले कई अन्य लोगों ने भी ऐसी ही बातें कहीं। मगर फिलिस्तीनियों की वैश्विक मुस्लिम की पहचान कारगर नहीं है, क्योंकि कोई भी उनको अपने साथ नहीं रखना चाहता, वे बस 'फिलिस्तीन के साथ' खड़े होते हैं। फिलिस्तीनियों को इजरायली पूंजीवाद से गिरते टुकड़ों की तुलना में मुस्लिम सहानुभूति से कम फायदा मिला है। वहां मुस्लिम पहचान ने हिंसा ही बढ़ाई है और फिलिस्तीनियों को यह झूठी उम्मीद दी है कि यदि कुछ को खत्म भी होना पड़े, तो कोई बात नहीं, एक दिन फिलिस्तीन उनका होगा।

अपने देश में भी कांग्रेस हमास की निंदा करने से डरती है। हालांकि, कई हिंदू इजरायल के लिए प्रार्थना कर रहे हैं कि वह गाजा को खत्म कर दे। इजरायल के पास इसके सिवा कोई विकल्प भी नहीं है और हम जानते हैं कि उसके लोगों को फिर इसकी कीमत चुकानी होगी। जिस तरह से दुनिया फिलिस्तीनियों के बहुमत को परिभाषित करने के लिए 'नागरिक' शब्द का इस्तेमाल करती है, उससे ऐसा लगता है कि हर किसी के पास यह भेद करने का गुप्त तरीका है कि कौन हमास का लड़ाका है और कौन निर्दोष? संभवतः दुनिया यही कहना चाह रही है कि ज्यादातर लोग आतंकी नहीं हैं, वे कभी-कभार हत्या का जश्न मना सकते हैं, पर वे सीधे तौर पर बर्बर नहीं हैं। मैं उनसे बहस नहीं कर सकता।

आश्चर्य है, 2006 में इन्हीं फिलिस्तीनी 'नागरिकों' के दिमाग में आखिर क्या चल रहा था कि 44 फीसदी ने स्वतंत्र व निष्पक्ष माने जाने वाले चुनाव में हमास को सत्ता में चुना। फिलिस्तीनियों को इस गलती की कीमत भी चुकानी पड़ी। यहां यह जानना दिलचस्प होगा कि वे उन अमीर फिलिस्तीनी अरबों के बारे में क्या सोचते होंगे, जिनके पास भागने के साधन थे, जो पश्चिम में बस गए और जिन्होंने गरीब फिलिस्तीनियों को दूर से लड़ते रहने के लिए उकसाया। हालांकि, ऐसे एशियाई सामंतों को हम भी जानते हैं। हमने विस्थापित तमिल अभिजात वर्ग को लिट्टे को फंडिंग करते देखा है। जब गरीब तमिल 'नागरिक' मारे जा रहे थे, ये अभिजात इंग्लैंड या ऐसे ही अन्य स्थानों पर सुरक्षित थे। इसी तरह, दुबई व न्यूयॉर्क में संपन्न कश्मीरियों ने अपने गरीब कश्मीरियों को आतंकी या पत्थरबाज बनने के लिए उकसाया और शांति चाहने वाले हर स्थानीय कश्मीरी को बदनाम किया। हमने पंजाबी मूल के कुछ कनाडाई नागरिकों को भी पंजाब की पूरी पीढ़ी को नष्ट करते देखा है।

हालांकि, मैं यहूदी अस्मिता को अलग नजर से देखता हूं। हिटलर से पहले भी यूरोप में उनका नरसंहार हुआ था। तमाम जगहों से वे भगाए गए। फिर, उनमें से कुछ के मन में अरब के एक हिस्से पर उपनिवेश बनाने का विचित्र विचार आया। बेशक, उन्होंने इसे गरीब अरब किसानों से लिया था, जिनके साथ अमीर अरबों ने बुरा व्यवहार किया था और अचानक वहां एक यहूदी भूमि बन गई। स्पष्ट है, इजरायल जो कुछ भी करता है, वह हरेक यहूदी के भाग्य को प्रभावित करेगा। हमें इसका एहसास आने वाले दिनों में तब होगा, जब दुनिया के कुछ उन्नत शहरों में यहूदियों के छिटपुट 'लोन वुल्फ हमले' (अकेले किए जाने वाले हमले) शुरू होंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# उम्मीदवार तय करने का अनोखा तरीका

हरिशंकर व्यास

भारतीय जनता पार्टी ने इस बार अभी तक डेढ़ दर्जन सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा है। राजस्थान में सात सांसदों को टिकट दी गई है तो मध्य प्रदेश में भी सात सांसद चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। छत्तीसगढ़ में पार्टी ने चार सांसदों को टिकट दी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश में अभी और सांसदों को टिकट मिलेगी और तेलंगाना में भी पार्टी अपने चार में से कुछ सांसदों को चुनाव में उतार सकती है। पार्टी केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा के चुनाव लड़ा रही है।

किसी को अंदाजा नहीं है कि सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव लड़ाने के पीछे की रणनीति क्या है? यह फैसला किस आधार पर हुआ? आमतौर पर राज्यों में उम्मीदवारों के नाम पर शुरुआती विचार होता है। राज्य की चुनाव समिति हर सीट के लिए संभावित उम्मीदवारों की सूची देख कर उसमें से छंटनी करती है और दो या तीन नाम हर सीट पर तय करके दिल्ली आती है, जहां केंद्रीय चुनाव समिति में उसमें से किसी एक नाम पर फैसला होता है। कुछ सीटों पर यदि सिंगल नाम हैं तो वहां फैसला करने में कोई दिक्कत नहीं होती है। लेकिन इस बार ऐसी कोई कवायद नहीं हुई। प्रदेश कमेटी के नेताओं को तो हवा तक नहीं लगी कि कहां से कौन सांसद चुनाव में उतारा जा रहा है? यहां तक कि जिन बड़े नेताओं को टिकट दी गई उनको खुद को भी अंदाजा नहीं था कि उन्हें लड़ने के लिए कहा जाएगा। हालांकि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि उनको पहले बताया गया था लेकिन हकीकत यह है कि नाम की घोषणा होने के 15 दिन तक वे अपने लोकसभा क्षेत्र मुरैना की दिमनी विधानसभा में नहीं गए, जहां से उनको चुनाव लड़ना है।

पार्टी के शीर्ष नेताओं ने टिकट का ऐसा सस्पेंस बनाया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक को कुछ अंदाजा नहीं लगा। उनका अपना नाम चौथी सूची में जारी हुआ। राजस्थान में भी जब राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी जैसे सांसदों के नाम घोषित हुए तो वह सबके लिए चौंकाने वाली घोषणा थी। पार्टी के दिग्गज नेताओं की टिकट काट कर इनको उम्मीदवार बनाया गया। वसुंधरा राजे को कोई अंदाजा नहीं था कि किसकी टिकट कट रही है और किसको मिल रही है। उनके करीबी नेताओं युनूस खान, नरपत सिंह राजवी, राजपाल सिंह शेखावत, अनिता सिंह आदि के टिकट कटे है या कटने वाले है।

आमतौर पर भाजपा में हर सीट पर कई बार सर्वेक्षण कराया जाता है। जिला व प्रदेश संगठनसे भी फीडबैक ली जाती है। उसके ऊपर से राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की फीडबैक होती है और तब टिकट तय होते है। इस प्रक्रिया में सबको पता होता है कि कहां से किसका नाम सूची में है और किसे टिकट मिल सकती है। लेकिन इस बार भाजपा ने सब कुछ उलटा पुलटा कर दिया। किसी को अंदाजा ही नहीं हुआ कि कहां से किसका नाम तय हो रहा है। चुनाव की घोषणा से कई हफ्ते पहले ही टिकटों की घोषणा शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि मोदी और शाह ने यह सोच कर टिकट बांटी है कि जब चुनाव उनको ही लड़ना है तो फिर किसी को भी उम्मीदवार बनाए क्या फर्क पड़ता है। अगर ऐसा है तो यह बड़ा रणनीतिक बदलाव है और अगर यह सफल हुआ तो अगले साल के लोकसभा चुनाव में भी यह प्रयोग देखने को मिल सकता है।

# इजराइल के विवेक की परीक्षा!

श्रुति व्यास

क्या गाजा में रह रहे फिलिस्तीनियों को वहां की जमीन खाली करने के लिए 24 घंटे की जो डेडलाईन दी गई थी वह समाप्त हो गई है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दक्षिण इजराइल में बड़ी संख्या में मौजूद सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा है कि ''अगला चरण शुरू होने वाला है। इससे पहले इजरायली सुरक्षा बल (आईडीएफ) के एक प्रवक्ता ने 12 अक्टूबर को कहा कि ''गाजा में जो होने वाला है उसे देखना मुश्किल होगा। सवाल है गाजा पट्टी को खाली करवाकर इजराइल, क्या हमास के खिलाफ युद्ध जीत सकता है? फिलहाल पूरी दुनिया की निगाह गाजा पट्टी पर है। दुनिया जहां मौतों की सुनामी के लिए तैयार हो रही है वही इजराइल को यह समझाने का प्रयास भी हो रहा हैं कि वह जो करने जा रहा है उसके नतीजे प्रलयकारी होंगे। इससे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जिस तरह का रोष और गुस्सा पनपेगा उससे इजराइल और मध्यपूर्व हमेशा के लिए बदल जाएंगे।

इजराइल ने घोषणा की है कि वह धरती से हमास का नामोनिशां मिटा देगा। इजराइल का गुस्सा जायज है। पिछले हफ्ते जो हुआ वह बर्बर था और उसने होलोकास्ट की भयावह यादें ताजा कर दीं। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि हमास एक आतंकी संगठन है जो युवाओं के दिमाग में जहर भरता है, और उन्हें ईरान से हथियार और प्रशिक्षण उपलब्ध करवाता है। फिर उन्हें खूनखराबा करने के लिए खुला छोड़ देता है। हमास के आतंकी केवल घृणा के हकदार हैं और उनकी हरकतों को किसी भी तरह उचित नहीं ठहराया जा सकता। हमास के हमले का इजराइल को जरा सा भी अंदेशा नहीं था। यह उसके गुप्तचर तंत्र की बड़ी विफलता थी। तभी इजराइल सदमे में है। वहां के लोगों के दुःख की कोई सीमा नहीं है। वे अपमानित महसूस कर रहे हैं, गुस्से से उबल रहे हैं और आपसी मतभेद भुलाकर एकसाथ लड़ने के लिए तैयार हैं। बीबी (नेतन्याहू) गाजा को बदल डालना चाहते हैं ताकि आतंकी फिर कभी इजराइल के लोगों के लिए खतरा न बन सकें।

परंतु आंख के बदले आंख क्या सबको अंधा नहीं बना देगी?

गाजा के 23 लाख रहवासियों को सजा दी जा रही है। उन्हें हर तरह से पंगु बनाकर मरने के लिए छोड़ दिया गया है। पिछले 10 दिनों से गाजा पट्टी में न तो पानी पहुंच रहा है, न बिजली, न ईधन, न खाद्य सामग्री और ना ही दवाएं। गाजा पट्टी की सभी सीमाएं सील हैं। गाजा से शरणार्थियों के सामूहिक रूप से मिस्त्र में आने के राजनैतिक परिणामों और सुरक्षा संबंधी जोखिमों से मिस्त्र वाकिफ है। उसने चेतावनी दी है कि यदि गाजा के लोग किसी दूसरे देश में गए तो यह उनका अपना अलग देश पाने के सपने का अंत होगा। डॉक्टरों की एक मानवतावादी संस्था ने इजराइल पर आरोप लगाया है कि गाजा की सीमाएं पूरी तरह सील कर, वहां अंधाधुंध बमवर्षा कर और जमीनी हमले का डर दिखाकर इजराइल फिलीस्तीनियों को सामूहिक सजा दे रहा है, जो पूरी तरह से गैर-कानूनी है।

दुनिया भी अब इजाइल से कह रही है कि वह थोड़ी मानवता दिखाए। मिस्त्र से विनती की जा रही है कि वह अपनी सीमाएं गाजा के लोगों के लिए खोले। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि प्रजातंत्रों को न्यूनतम मानकों का पालन करना चाहिए।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी



पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### वाहन मालिक निर्वाचन कार्य के लिए किराए में लगा सकते हैं अपने वाहन

**कोरबा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन कार्य के लिए वाहन व्यवस्था के लिए जिला परिवहन कार्यालय कोरबा को सहायक नोड़ल नियुक्त किया गया है तथा इस कार्यालय द्वारा वाहन अधिग्रहण कर मतदान कार्य के लिए उपलब्ध कराया जाएगा । अतः जिले के समस्त हल्के वाहन (बोलेरो / स्कार्पियो / इनोवा / सूमो / ज्याइलो/इर्टिगा) के वाहन स्वामियो से सहयोग की अपेक्षा है। विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन कार्य पर अपने वाहन किराये पर लगाना चाहते हैं तो कृपया जिला परिवहन कार्यालय कोरबा में कक्ष 06 में संपर्क कर सकते हैं। इस कार्य हेतु जिला परिवहन अधिकारी एवं सहायक नोड़ल (वाहन व्यवस्था) विधान सभा निर्वाचन 2023 द्वारा हेल्पलाइन नं 6264680327-9131285133 (शुभम नेताम परिवहन उपनिरीक्षक / श्री सदानंद जांगड़े सहायक ग्रेड़-02) से संपर्क कर अपने वाहन को निर्वाचन कार्य के लिए संलग्न कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी श्री शशिकांत कुर्रे ने बताया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न वाहनो का शासन द्वारा किराया निर्धारित किया गया है। जिसमें हल्के वाहनों का किराया प्रतिदिन 2250 की दर से लेकर 2345 रूपए निर्धारित किया गया है।

### मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत की जा रही है निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निरंतर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत रविवार 15 अक्टूबर को गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में महिला कमाण्डों के द्वारा विभिन्न घरों एवं गांव चैपालों में पहुँचकर आम लोगों को आगामी विधानसभा आम निर्वाचन में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को मतदान तिथि 17 नवंबर को जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु अपने परिजनों के अलावा अपने आस पड़ोस एवं परिचित के लोगों को भी अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा। इसके साथ ही जिले के डौण्डी परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण महिलाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

### निर्वाचन जागरूकता के लिए चलाया जाएगा लोन लोन दायो कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु निर्वाचन जागरूकता एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में लोन लोन दायो कार्यक्रम (घर-घर चलो अभियान) चलाया जाएगा इसके तहत प्रत्येक मतदाता को मतदान हेतु जागरूक करते हुए उनके घरो में स्टीकर चस्पा किया जाएगा। इस संबंध में मतदान केन्द्र के संबंधित बी.एल.ओ., कोटवार, पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, सचिव का टीम गठन कर टीमवार ड्यूटी लगेगी जिसमें टीम के प्रमुख बी.एल.ओ.होगे, और टीम के सभी सदस्य एक साथ घर-घर जाना सुनिश्चित करेगें।

# संदेहास्पद लेन-देन पर रखी जाए नजर: डॉ भुरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज विधानसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में जिले के बैंकिंग संस्थाओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान चुनाव अभ्यर्थियों का जीरो बैलेंस खाता खोला जाए। साथ ही चुनाव के समय बैंक खाताओं से होने वाले संदेहास्पद लेन-देन, किसी खाते से अधिक संख्या में पैसे की निकासी और एक ही दिन में अलग-अलग नाम से निकासी अवांछित लेनदेन होने की स्थिति में तुरंत ही सूचना दी जाए।




डॉ भुरे ने कहा कि लेनदेन की समस्त रिकॉर्डिंग सीसीटीवी के माध्यम से अनिवार्य रूप से रखा जाए। ऑनलाइन बैंकिंग यूपीआई के माध्यम से होने वाले लेनदेन की भी निगरानी की जाए। यदि किसी बैंक खाता यूपीआई के माध्यम से लगातार कैश ट्रांजेक्शन किया जाता है या किसी बैंक खाता जिस पर काफी समय से लेन देन ना हुआ हो और उस खाते से ही लेनदेन किया जाता है तो इसकी सूचना भी दी जाए। उन्होंने बैंकर्स को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। एसएसपी श्री प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी खाते से एक लाख से अधिक का लेन-देन किया जाता है और छोटी-छोटी राशियों के संदेहास्पद लेन-देन, एक ही जगह के एटीएम से बार-बार निकासी होने की स्थिति मे संज्ञान में लेते हुए कार्यवाही की जाएगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर ने बताया कि बैंकों के सामान्य कार्यों के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कैश ट्रांजेक्शन हेतु जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई पालन सुनिश्चित किया जाए ।

बैठक में बताया गया कि चुनाव के दौरान बैंकों के माध्यम से कैश फ्लो की निगरानी हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप में सुविधा है। सभी शासकीय/अर्धशासकीय बैंक शाखाओं का संपूर्ण विवरण ऑनलाइन पोर्टल में एंट्री किया जाना अनिवार्य है। बैंकों द्वारा कैश वाहन के परिवहन किए जाने हेतु ऑनलाइन पोर्टल में डीएलबीसी लॉगिन के माध्यम से समस्त बैंक ब्रांच जिनके द्वारा कैश वहां का परिवहन किया जाना है इत्यादि प्रोफाइल बनाकर लॉगिन करना पड़ेगा होगा। इसके पश्चात कैश वाहन जाने पर उसकी पूर्ण जानकारी एंट्री करें। क्यूआर कोड जनरेट कर वाहन में लगाना होगा। कैश ट्रांसफर ट्रांसपोर्टेशन में उपयोग में ले जाने वाले वाहन में क्यूआर कोड चस्पा करना अनिवार्य होगा जिसमें वाहन संबंधी जानकारी जैसे वहां की जानकारी दी एक बार जनरेट कर कोड एक बार में कैश ट्रांजैक्शन हेतु ही उपयोग किया जाएगा।

क्यूआर कोड जनरेट करने पर चुनाव के दौरान चेक-पोस्ट/नाके में जांच किए जाने पर बार कोड स्कैनिंग के माध्यम से ऑथेंटिकेशन किया जाएगा जिससे असुविधा नहीं होगी। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शीतला शक्ति पीठ सिहावा में आस्था के दीप जगमगा रहे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नगरी।** शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ रविवार से शुरू हो गया।नवरात्रि के प्रथम दिवस शीतला शक्ति पीठ सिहावा सहित देवी मंदिरों में आस्था के दीप प्रज्वलित करने वालों की भीड़ लगी रही है ।महेंद्र गिरी पर्वत सिहावा के गुफा में विराजित चंडी दुर्गा,काली माई मन्दिर में परम्परानुसार ज्योति प्रज्वलित हुआ।शीतला शक्ति पीठ सिहावा में श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन कर अपनी मनोकामना के लिए

विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभ मुहूर्त दोपहर ढाई बजे प्रमुख घट स्थापना उपरांत मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की।इस वर्ष क्वार नवरात्रि में 2216ज्योति जगमगा रहे है।जिसमें घी के 215 व तेल के 2005ज्योति शामिल है घट स्थापना के लिये ज्योति धारियो को संकल्प दिलाते हुए आचार्य चंद्रहास दुबे ने कहा कि नवरात्रि में आदि शक्ति की आराधना से मनुष्य स्वयं सुखी होकर जगत के लिये कल्याण कारी हो जाता है।शीतला शक्ति पीठ के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि शारदीय नवरात्रि को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के लिये व्यापक तैयारी की गई है।रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये जा रहे है।तृतीय दिवस खेमीन यादव का पंडवानी कार्यक्रम,पंचमी को स्वर सप्तक आर्केस्ट्रा भानुप्रतापपुर की प्रस्तुति होगी।समिति के अध्यक्ष समिति के अध्यक्ष कैलाश पवार,संरक्षक कलम सिंह पवार,सचिव नेम सिंह बिशेन,सह सचिव नरेंद्र नाग,नारद निषाद,बुधेस्वर साहू,कोशाध्यक्ष गेंद लाल यादव,मंच संचालक तुकाराम साहू,गोरख शांडिल्य,गेंद लाल शाण्डिल्य ,पुजारी तुकाराम बेश, ज्ञान सागर पटेल, बलदेव निषाद,राजकुमार निषाद,छबि ठाकुर,रवि ठाकुर, रामलाल नेताम,उत्तम साहू ,प्रवीण गुप्ता,रामभरोस साहू,,जग्गू साहू,,नरेश पटेल ,महेश साहू,लाल जी साहू,,कृपा राम नेताम,महेंद्र साहू ,अभय नेताम ,ध्रुव शाण्डिल्य, खिरभान शाण्डिल्य,नवल साहू आदि व्यवस्था में जुटे हुए है।

# कलेक्टर गोयल ने एसपी सदानंद कुमार के साथ स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान सामग्री वितरण और मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के साथ केआईटी कॉलेज में तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम के निरीक्षण में पहुंचे। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर राजीव पांडेय, एडिशनल एसपी संजय महादेवा, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान साथ रहे।

कलेक्टर गोयल ने सभी विधानसभा के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्राँग रूम का निरीक्षण कर वहां ईवीएम को रखने की व्यवस्था को देखा। इस दौरान स्ट्रॉन्ग रूम के सुरक्षा के संबंध में उन्होंने



जानकारी लेते हुए पूरे एरिया को सुरक्षित करने के लिए ठोस बैरिकेडिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में सभी आवश्यक जगहों पर सीसीटीवी लगाने के लिए निर्देशित किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने पूरे परिसर में मतदान पश्चात ईवीएम की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती को लेकर दिशा निर्देश दिए। स्ट्रॉन्ग रूम से काउंटिंग रूम तक ईवीएम के मूवमेंट के रूट का भी अधिकारियों ने मुआयना किया। कलेक्टर गोयल ने पूरे परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के दिन लोगों की काफी आवाजाही रहेगी। उसके अनुरूप सभी कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो इसके लिए जरूरी इंतजाम समय से पूरे कर लिए जाएं।

कलेक्टर गोयल ने परिसर में विधानसभावार सामग्री वितरण के लिए व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तैयारियों की एक विस्तृत रूपरेखा बनाने के लिए संबंधित नोडल अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा। साथ परिसर में लोगों के लिए पेयजल, शौचालय, मेडिकल हेल्प सेंटर और कैंटीन व्यवस्था के लिए भी तैयारियां जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने मतदान दलों के वाहन पार्किंग के संबंध में जानकारी लेते हुए जगह का निरीक्षण किया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को पार्किंग व्यवस्था के साथ वाहनों के सुचारू आवाजाही के लिए सभी जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम गगन शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन में अनुशासन व समय सबसे महत्वपूर्ण- जिला निर्वाचन अधिकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफल निष्पादन के लिए जिले के विभिन्न स्थल पर सतत प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा तीन प्रशिक्षण स्थल जिसमें शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर और शासकीय बालक माध्यमिक शाला सूरजपुर शामिल है, का निरीक्षण किया गया।

इन तीनों प्रशिक्षण स्थल में पोलिंग पर्सन ट्रेनिंग का प्रशिक्षण, मतदान की ड्यूटी में लगाए गये कैंडिडेट को दिया जा रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनरों के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन



और निर्देशों के संबंध में उपस्थित जनों को जानकारी मुहैया कराई जा रही है। ताकि प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षार्थी निर्वाचन का सफलतापूर्वक संपन्न कर सकें। प्रशिक्षण में उपस्थित जनों को मत पत्र लेख, मॉक पोल के दौरान कम से कम कितने वोट डालने हैं, ईवीएम मशीनों को जोडने का क्रम, मतदान दिवस पर मतदान प्रकोष्ठ में वीवीपीएटी रखने की प्रक्रिया, मॉक पोल की पर्चियां किस रंग के लिफाफे में रखी जाएंगी, मतदान दिवस पर मॉक पोल कितने समय पूर्व प्रारंभ होता है, मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेजों की सूची, स्पेशल टैग में किस मशीन का नंबर लिखा जाता है, मतदान दिवस पर राजनीतिक दलों के बुथ की दूरी कितनी होनी चाहिए, मतदाता को कौन से हाथ की उंगली में अमिट स्याही लगाई जानी चाहिए, मतदान केंद्र पर मतदाता अभिकर्ताओं के बैठने का क्रम क्या होता है, मतदान प्रक्रिया के दौरान एक अशक्त मतदाता के साथी की किस उंगली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी, मतदान समाप्ति पर कंट्रोल यूनिट का कौन सा बटन दबाना है, संग्रहण केंद्र पर मतपत्र लेखा की कितनी प्रति जमा करनी है, डाकमत पत्र हेतु किस प्रारूप में आवेदन किया जाना है इत्यादि के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन में अनुशासन व समय की महत्ता के संबंध में बताया। उन्होंने उपस्थित जनों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश व गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने की हिदायत भी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन में जानबूझकर की गई लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने निर्वाचन की अवधि के दौरान सभी को निष्पक्ष रहने की बात भी कही। उन्होंने सभी उपस्थित जनों से लोकतंत्र के सशक्तिकरण के लिए अपना योगदान देने की अपील भी की।

# सैलानियों की पहुंच हो रही पर्यटन स्थलों पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** ग्राम पोटापानी को प्रकृति का उपहार मिला है यहां से करीब दो किमी दूर घने जंगल के बीच नागिन झरना प्रकृति छटाओ से परिपूर्ण सैलानियों को लुभा रहा हैं।

पर्यटक स्थल नागिन झरनाए मालिन दाई व लक्ष्मण कोठी के बीच स्थित प्रकृति की गोद में बसा हुआ है, जो मनोरम सौंदर्य को बिखेर रही हैं। यहां की कल कल करता झरना, चट्टानों के बीच से होकर बह रहा है। रेतिली बालू ऊंचे ऊंचे टीले, सफेद काली चट्टानें, चारों ओर ऊंचे पहाड़ व हरे भरे पेड़ पौधे, पंछियो की कलरव एवं सुमधुर तान लोगों का मन को मोह रही हैं। शहर की शोर से तंग होकर दूर दराज से सुकून की



तलाश में लोग यहां आते है। आने के बाद सब कुछ भूल जाते है और सिर्फ मौज मस्ती करते है। यहां हर मौसम में घूमने एवं पिकनिक मनाने के लिए लोग आते रहते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर मेला लगता हैं, इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों का भीड़ उमड़ती है। नागिन झरना पर्यटक स्थल के रूप विकसित हो रहा हैं, इसके वावजूद सरकार द्वारा उपेक्षा की जा रही हैं। यहां की सुंदरीकरण पोटापानी के समिति द्वारा किया जाता है।

### पिंक बूथ में महिला मतदाताओं को मिलेगी विशेष सहायता : कलेक्टर

# महिला मतदाताओं को वोट देना होगा आसान, संगवारी मतदान केंद्र होगी पहचान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में महिला मतदाताओं की विशेष सहायता तथा सहूलियत के लिए पिंक बूथ भी बनाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में ऐसे मतदान केन्द्रों की पहचान की गई है, जहां विगत चुनाव में महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया था, साथ ही कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर पिंक बूथ निर्धारित किए गए है। पिंक बूथ में महिला मतदान अधिकारियों की ड्यूटी हेतु आज 2ाासकीय साडा



कन्या उच्तर माध्यमिक विद्यालय में पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला पीठासीन अधिकारियों को पिंक बूथ की अवधारणा एवं पिंक बूथ के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों के विषय में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पिंक बूथ चिन्हित मतदान केन्द्रों में निर्धारित किए गए है। पिंक बूथ में सुरक्षा से लेकर पीठासीन एवं मतदान अधिकारी के रुप में महिलाएं ही होगी। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों के रुप में प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं पिंक बूथ में निर्वाचन कार्य में बड़ी भूमिका निभा सकती है। कलेक्टर ने महिलाओं को किसी भी मामले में पुरुष से कम नहीं होने की बात बताते हुए कहा कि पिंक बूथ हेतु जो भी जिम्मेदारी दी गई है, उसका प्रशिक्षण ध्यान से प्राप्त करें। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारियों को ईव्हीएम, वीवीपैट संचालन, दिव्यांग मतदाताओं हेतु ब्रेल लिपी से मतदान, मतदान संबंधी प्रपत्र भरने, डाकमत मतपत्र सहित अन्य कार्यों को विस्तार से बताकर प्रशिक्षित किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी. पी. भारद्वाज ने बताया कि जिले के एक विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें सभी मतदान अधिकारी महिलाएं होंगी।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# कांग्रेस का बड़ा आरोपः छत्तीसगढ़ की ट्रेनों को अडानी के लिये रद्द कर रही है भाजपा, चुनाव आयोग से करेंगे अमित शाह की शिकायत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने भाजपा व केन्द्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा आडानी के लिए छत्तीसगढ़ में ट्रेनें रद्द कर रही है। यही नहीं सोमवार को राजनांदगांव में अमित शाह की सभा को लेकर भी कांग्रेस ने तीखा हमला किया है। कांग्रेस ने कहा है कि अमित शाह ने राजनांदगांव में सामप्रदायिक तनाव भड़काने के लिये योजनाबद्ध तरीके से भाषण दिया। कांग्रेस इस मामले में चुनाव आयोग से शिकायत करेगी और कार्रवाई की मांग करेगी।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस ने कहा कि अमित शाह छत्तीसगढ़ आये थे, ईडी के रट्टू तोते की भांति एक बार फिर से ईडी की लिखी पटकथा के आधार पर कांग्रेस पर झूठे आरोप लगा कर चले गये। अमित शाह बड़ी बेशर्मी से देश की सबसे ईमानदार सरकार जिसकी योजनाओं का शत प्रतिशत हिस्सा सीधे हितग्राहियों के खाते में जाता है पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे है। छत्तीसगढ़ के चावल का कोटा केन्द्र 86 लाख से घटाकर 61 लाख क्यों किया इस पर अमित शाह कुछ नहीं बोले? बताये छत्तीसगढ़ का कोटा क्यों घटाया? भ्रष्टाचार पर बड़ी-बड़ी बाते करने वाले अमित शाह हमारी सरकार पर मनगढ़त आरोप लगाने वाले अमित शाह ने यह नहीं बताया अडानी की सेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ किसके लगे है? रमन और उनके मंत्री मंडल के सदस्यो के 1 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार पर अमित शाह की बोलती क्यों बंद है?

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमित शाह सभा में शायद रमन सिंह के भ्रष्टाचार की चैन और अमन एटीएम याद कर रहे थे। डॉक्टर साहब, मैडम सीएम और ऐश्वर्या रेसीडेंसी का पता जो नान मामले में जप्त डायरी में दर्ज था। चाऊर वाले बाबा का मुखौटा लगाकर छत्तीसगढ़ के लाखों गरीब जनता के नाम पर फर्जी राशन कार्ड बनाकर 36 हजार करोड़ के नान घोटाले का पैसा नागपुर, लखनऊ और दिल्ली तक पहुंचा। रमन सिंह के करप्शन का पाप अमित शाह याद कर रहे थे। भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकना की बात अमित शाह का जुमला है, दरअसल भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के राष्ट्रीय संरक्षक तो अमित शाह ही है।




सुशील आनंद शुक्ला ने कहा किछत्तीसगढ़ के नान घोटाले, पनामा पेपर, चिटफंड घोटाले, झलकी घोटाले, इंदिरा प्रियदर्शिनी घोटाले, आंख फोडवा कांड, नकली दवा कांड सभी के आरोपियों को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया इस पर अमित शाह क्यों मौन थे? अमित शाह छत्तीसगढ़ की जनता पर एहसान जता कर गये कि केन्द्र ने 9 साल में छत्तीसगढ़ को 3 लाख करोड़ दिया यह नहीं बताया कि छत्तीसगढ़ से केन्द्र ने पिछले 9 साल में 5 लाख करोड़ वसूला है। अभी भी छत्तीसगढ़ को अपने हिस्से का केन्द्र से 55 हजार करोड़ लेना है।

सुशील आनंद शुक्ला ने कहा किछत्तीसगढ़ की ट्रेनो को केन्द्र क्यों रद्द कर रही है इस पर अमित शाह क्यों चुप रहे? छत्तीसगढ़ का कोयला अडानी के लिये ढोने माल वाहक ट्रेने चला रहे हमारी यात्री सुविधाओं को रद्द कर रहे। छत्तीसगढ़ की जनता के साथ अन्याय करने वाले भाजपा के नेता किस नैतिकता से छत्तीसगढ़ की जनता से वोट मांग रहे। भ्रष्टाचार पर बाते करने वाले अमित शाह 15 सालो में 1 लाख करोड़ का घोटाला करने वाले रमन सिंह के साथ मंच पर थे यदि भाजपा भ्रष्टाचार पर ईमानदार होती तो नान, चिटफंड, पनामा पेपर की जांच ईडी कर रही होती।

पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य छत्तीसगढ़ी लोगों के लिये बना था, किन्तु भारतीय जनता पार्टी ने लगातार 15 साल तक छत्तीसगढ़ की उपेक्षा की। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को पिछले पांच साल में समुचित सम्मान मिला। सबसे ज्यादा किसानों को ब्याज मुक्त ऋण देने का कीर्तिमान भूपेश बघेल की सरकार ने किया। भाजपा का विकास मॉडल ऐसा था कि रायपुर जहां 15 लाख लोग रहते है, जहां सुविधा देने के स्थान पर कमीशन के लिये नया रायपुर बनाया, जहां आगामी 15 साल कोई नहीं जायेगा। चावल वाले बाबा ने 36 हजार करोड़ का भ्रष्टाचार किया, यह सर्वविदित है। मनरेगा युपीए सरकार की देन है जिस कांग्रेस की सरकार ने सफलतापूर्वक लागू किया।

### मोदी सरकार अडानी के लिये काम करती हैः सुरेंद्र शर्मा

सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को रोकने और बाधित करने का काम भाजपा ने किया है। 5 साल में सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों को समृद्ध किया है। गौपालको को मदद दी है। भूमिहीन मजदूरों को सम्मान से जीने का हक दिया। वनवासियों की आर्थिक स्थिति को संबल बनाया। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार जनता के लिये काम करती है। किसानों का कर्जा माफकिया जाता है जबकि मोदी सरकार अडानी के लिये काम करती है पूंजीपतियों का कर्जामाफकरती है। भ्रष्टाचार के सारे आरोप तथ्यहीन है जहां सरकार 270 करोड़ की गोबर खरीदी की उसमें 1300 करोड़ के घोटाला का आरोप हास्यास्पद है। शराब घोटाला का आरोप लगाने वाला ईडी मोनोग्राम बनाने वाले शराब बनाने वाले के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं किया। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि महादेव ऐप का आरोप केंद्रीय गृहमंत्री जैसा जिम्मेदार आदमी लगाता है पर ऐप पर प्रतिबंध नहीं लगाता इस मामले में जो भी कार्यवाही हुई छत्तीसगढ़ की सरकार ने किया। भारतीय जनता पार्टी हर बार छत्तीसगढ़ आकर नया-नया झूठ फैलाने का प्रयास करती है पर यह सफल नहीं होगा। पिछले पांच साल में छत्तीसगढ़ के लोग महसूस किये कि अब हमारा राज आया है। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ प्रवक्ता आरपी सिंह, धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेन्द्र वर्मा, संयुक्त महामंत्री अजय साहू, प्रवक्ता अजय गंगवानी, सत्यप्रकाश सिंह उपस्थित थे।

## खास खबर...

### प्रदेश में पहले चरण के लिए दूसरे दिन सात नामांकन पत्र दाखिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए दूसरे दिन 6 प्रत्याशियों ने कुल 7 नामांकन पत्र दाखिल किये। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 3, डोंगरगांव में 2 तथा भानुप्रतापपुर और डोंगरगढ़ में एक -एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगांव, मोहला -मानपुर - अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला- मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

### इंटर कॉलेज वॉलीबॉल में रिम्स व आरएलएम मेडिकल कॉलेज बने विजेता

**रायपुर (ए)।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान व आयुष विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों की राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 14 अक्टूबर तक पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा किया गया। पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती पर आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में नौ टीम ने व महिला वर्ग में आठ टीम ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में रिम्स ने आरएलएम चिकित्सा महाविद्यालय को व पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ने रूंगटा डेंटल कॉलेज को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। रिम्स ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय को हराकर विजेता बना। महिला वर्ग में आरएलएम चिकित्सा महाविद्यालय ने भारती आयुर्वेदा कॉलेज को हरा कर एवं पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ने रिम्स को हराकर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया।

## दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान एनजीटी के नियमों का करना होगा पालन, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर निगम की ओर से मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन और दशहर उत्सव को लेकर के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों को प्रशासनिक दायित्व सौंपते हुए संपूर्ण व्यवस्था के लिए प्रशासनिक समिति गठित कर दी गई है। महादेव घाट में विसर्जन कुंड बनाया जाएगा, जहां 24 से 28 अक्टूबर सुबह छह बजे तक जोन कमिश्नरों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

विसर्जन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए कोविड और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ( एनजीटी) के नियमों का पालन करना होगा। आचार संहिता और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने जोन-8 के कमिश्नर को विसर्जन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था के लिए महादेव घाट में लाइट, क्रेन, स्टेज व लाउड स्पीकर, साफ-सफाई व



अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के आदेश दिए हैं।

आयुक्त ने नदी में स्थायी कुंड से विसर्जित मलमा अन्य बांस-बल्ली एवं दूसरी सामग्रियों को 24 घंटे के भीतर कुंड से बाहर निकालकर जल को दूषित होने से बचाने, नदी में विसर्जन न हो इसका कड़ाई से पालन करने तथा नदी के जल को दूषित होने से बचाने, ध्वनि, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने, प्लास्टर आफ पेरिस से बनी मूर्तियों पर रोक लगाने, सड़क पर यातायात अवरूद्ध करने वाले दुर्गा पंडालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### 24 को दशहरा उत्सव

शहर के डब्ल्यूआरएस, रावणभाठा, चौबे कालोनी, राजेन्द्र नगर, शंकरनगर, रामकुंड में 24 अक्टूबर को सार्वजनिक दशहर उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए मैदानों के समतलीकरण, सफाई व्यवस्था, पेयजल प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, उत्सव स्थलों सहित संबंधित मार्गों की सफाई व्यवस्था के लिए निगम अधिकारियों को दायित्व सौपते हुए समिति गठित की गई है। निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने डब्ल्यूआरएस में रावण पुतला दहन स्थल का दायित्व जोन-2, रावणभाठा का जोन-6, चौबे कालोनी का दायित्व जोन-7, राजेन्द्र नगर का दायित्व जोन-10, शंकरनगर का दायित्व जोन-3 और रामकुंड का दायित्व जोन-7 को सौंपा है। संबंधित जोन कमिश्नरों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। समिति को जोन-8 के कमिश्नर अरूण ध्रुव सहयोग करेंगे।

## छत्तीसगढ़ में तीन दिन बाद बदलेगा मौसम का मिजाज

**रायपुर (ए)।** रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के लोगों को दोपहर की तेज धूप व गर्मी से इस सप्ताह के आखिर में थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि रायपुर सहित प्रदेश भर में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिन तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके बाद यानि 20 अक्टूबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी और हल्की ठंड बढ़ने लगेगी। मौसम विभाग का कहना है कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में अच्छी ठंड पड़ने के आसार है।

इन दिनों प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है और दोपहर को तेज धूप के चलते थोड़ी गर्मी भी है, हालांकि रात के समय आउटर क्षेत्रों में हल्की ठंड शुरू हो गई है।



मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा, किसी प्रकार से बदलाव के आसार नहीं है।

सोमवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। मालूम हो कि प्रदेश में इस वर्ष एक जून से लेकर 30 सितंबर तक 1061 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आने वाले तीन दिनों में तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके बाद तापमान में हल्की गिरावट शुरू होगी।

## संपत्ति विरूपण अधिनियमः प्रदेश भर में हटाए गए पांच लाख से अधिक बैनर, पोस्टर, मिटाए गए हजारों वॉल राइटिंग

### सार्वजनिक संपत्तियों से 3.37 लाख और निजी संपत्तियों से 1.63 लाख से अधिक प्रचार सामग्रियां हटाई गई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से 15 अक्टूबर तक पांच लाख 449 वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही की गई हैं। सार्वजनिक संपत्तियों से तीन लाख 37 हजार 060 और निजी संपत्तियों से एक लाख 63 हजार 389 प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं।

राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि सभी कलेक्टरों और जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कुल पांच लाख 51 हजार 699 प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं। इनमें तीन लाख 61 हजार 378 सार्वजनिक संपत्तियों से और एक लाख 90 हजार 321 प्रकरण निजी संपत्तियों से संबंधित हैं। अधिनियम के तहत प्रदेश भर में अब तक दो लाख 33 हजार 074 वॉल राइटिंग, एक लाख 58 हजार 810 पोस्टर, 70 हजार 405 बैनर और 90 हजार 669 अन्य प्रचार



सामग्रियों की पहचान की गई है।

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत दुर्ग जिले में सरकारी और निजी संपत्तियों से बैनर, पोस्टर, वॉल राइटिंग इत्यादि हटाने की 25 हजार 232, सुकमा में 5151, गरियाबंद में 7453, बेमेतरा में 14 हजार 832, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में 3382, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में दो, बालोद में 27 हजार 356, जशपुर में 8305, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 846, सरगुजा में 20 हजार 592, बलौदाबाजार-भाटापारा में 20 हजार 628, रायगढ़ में 24 हजार 953, सूरजपुर में 12 हजार 129 और कांकेर में 15 हजार 918 कार्यवाही की गई हैं।

संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत बिलासपुर जिले में कुल 67 हजार 501, दंतेवाड़ा में 1420, महासमुंद में 7666, जांजगीर-चांपा में 18 हजार 204, बस्तर में 1332, कोरबा में 67 हजार 120, कोण्डागांव में 14 हजार 584, कबीरधाम में 12 हजार 170, बीजापुर में 2632, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 6065, राजनांदगांव में 6412, बलरामपुर-रामानुजगंज में 9768, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 2777, कोरिया में 6184, नारायणपुर में 1008, मुंगेली में 12 हजार 737, सक्ती में 9526, धमतरी में 18 हजार 109 और रायपुर में 50 हजार 760 संपत्तियों से वॉल राइटिंग, पोस्टर, बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही 15 अक्टूबर तक की गई है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सावधान! फ्रिज में भी छिपे हो सकते हैं डेंगू के मच्छर, 6 महीने तक रह सकते हैं जिंदा

देश के कई राज्यों में डेंगू के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। इसकी वजह से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर उम्र के लोग डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। इस बुखार से संक्रमित होने वाले मरीजों की संख्या अस्पताल में तेजी से बढ़ रही है। कई मामलों में शरीर का प्लेटलेट्स का लेवल काफी नीचे आ जाता है।

लगातार होती बारिश से डेंगू का खतरा बढ़ रहा है। घर में भी कई वजह से डेंगू के मच्छर पनप सकते हैं। इसमें से एक फ्रिज का ट्रे भी है। ऐसे में सावधाना रहना चाहिए। जानें क्या होता है डेंगू, किस मच्छर से फैलता है, इसके मच्छर कहां पनपते हैं, इसके लक्षण क्या होते हैं और इससे बचाव कैसे हो सकता है।।।



## डेंगू क्या होता है और इसके लक्षण

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। बारिश के दिनों में जब धूप निकलती है और तापमान काफी बढ़ जाता है तो डेंगू के मच्छर एक्टिव हो जाते हैं। इस मच्छर के काटने के बाद तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, शरीर पर दाने और उल्टी-दस्त की समस्या हो सकती है। ज्यादातर मामलों में बुखार खुद ही ठीक हो जाता है, लेकिन कुछ मरीजों में इसके गंभीर लक्षण देखने को मिलते हैं। उनका प्लेटलेट्स काफी नीचे गिर जाता है और यह खतरनाक हो सकता है।

## फ्रिज की ट्रे में हो सकता है डेंगू

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डेंगू का मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। डेंगू के मच्छर को ब्रीडिंग के लिए थोड़ा सा भी पानी काफी होता है। यही कारण है कि घर में रखे फ्रिज की ट्रे में भी यह पनप जाता है। कई बार फ्रिज की ट्रे में डेंगू का लार्वा मिल जाता है। हम सभी इन बातों से अनजान होते हैं और डेंगू की चपेट में आ जाते हैं। इसलिए समय-समय पर फ्रिज की ट्रे के पानी को साफ करते रहना चाहिए। हफ्ते में कम से कम दो बार ट्रे को साफ करना ठीक माना जाता है। कूलर और घर की छत पर रखे गमलों की साफ-सफाई भी नियमित तौर पर करनी चाहिए।

## कितने समय तक एक्टिव रहता है डेंगू का लार्वा

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, डेंगू का अंडा यानी लार्वा छह महीने तक एक्टिव रहता है। इस दौरान अगर अंडा साफ पानी के संपर्क में आ जाता है तो मच्छर बन जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि घर के आसपास जितनी साफ-सफाई हो सके करें। क्योंकि कई बार डेंगू जानलेवा भी हो सकीत है।

## डेंगू से कैसे करें बचाव

- सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- पानी की टंकी को ढककर ही रखें।
- पूरी आस्तीन के कपड़े पहनकर रहें।
- नालियों की साफ-सफाई करें।
- बुखार आने पर तुरंत डेंगू की जांच करवाएं।

# फिल्म यारियां 2 का ट्रेलर जारी

इन दिनों दिव्या खोसला कुमार अपनी आगामी फिल्म यारियां-2 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें मीजान जाफरी, यश दासगुप्ता, अनास्वरा राजन, वरीना हुसैन और प्रिया प्रकाश वरियर और पर्ल वी पुरी भी अभिनय करते नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने प्रशंसकों के इंतजार को खत्म करते हुए यारियां 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो इमोशन और ड्रामे के साथ-साथ थोड़ा बहुत एक्शन से भरपूर है। यह फिल्म 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। यारियां 2 के ट्रेलर ने फैंस की एक्साइटमेंट को भी काफी हद तक बढ़ा दिया है।



यारियां-2 साल 2014 में आई फिल्म यारियां का सीक्वल है। इस फिल्म में हिमांशु कोहली, रकुल प्रीत सिंह, एवलीन शर्मा और निकोल फारिया जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे। इसका निर्देशन दिव्या खोसला कुमार ने किया था तो वहीं संजीव दत्ता ने फिल्म की कहानी लिखी थी। भूषण कुमार यारियां के निर्माता हैं।

पहले पार्ट की अपार सफलता के बाद यारियां का सीक्वल आ रहा है। 9 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर से दर्शकों को नई तरीके की यारियां देखने को मिलेगी। गौर करें यारियां 2 की रिलीज डेट की तरफ तो ये मूवी 20 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मालूम हो कि 2014 में आई यारियां ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 40 करोड़ का कारोबार किया था, कम बजट में बनने की वजह दिव्या खोसला कुमार की इस फिल्म का पहला भाग हिट साबित हुआ था।

# 18वें दिन फुकरे 3 की कमाई में उछाल कारोबार 100 करोड़ रुपये की ओर

वरुण शर्मा, ऋचा चड्ढा और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारों से सजी कॉमेडी फ्रैंचाइजी फुकरे की तीसरी किश्त फुकरे 3 को 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म को रिलीज के पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रह है, जिसके चलते हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई बाकी फिल्मों को भी इसने पीछे छोड़ दिया है। अब फुकरे 3 की कमाई के 18वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं।

फुकरे 3 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए यह तीसरा सप्ताह चल रहा है और टिकट खिड़की पर फिल्म की कमाई जारी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रविवार को 2.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 90.64 करोड़ रुपये हो गया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फुकरे 3 की कमाई तेज से 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है तो वहीं दुनियाभर में फिल्म ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है।

फुकरे 3 का निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा ने किया है। फुकरे 3 सिनेमाघरों के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फुकरे साल 2013 में रिलीज हुई थी, जिसके बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। फुकरे का दूसरा भाग फुकरे रिटर्न्स साल 2017 में आया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 80.32 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

# दो, तीन या फिर चार, एक साथ ज्यादा से ज्यादा कितने केले खा सकते हैं?

पाचन संबंधी समस्याओं के लिए केला खाना अच्छा माना जाता है। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि केले में हाई पोषण होता है। साथ ही साथ इसमें फाइब, विटामिन बी6 और पोटेशियम की मात्रा सबसे अधिक होती है। हेल्थ एक्सपर्ट से लेकर रिसर्च कहते हैं कि केला हाई कार्बोहाइड्रेट और एनर्जी से भरपूर होता है।

## केला आप नाश्ते के रूप में भी ले सकते हैं

एक्सरसाइज करने से पहले या नाश्ते में केला खाना एक बेस्ट ऑप्शन है। लेकिन आप रोजाना कितने केले खा रहे हैं यह सबसे महत्वपूर्ण है। केले में पोटेशियम, फाइबर, विटामिन बी 6, सी, एंटीऑक्सिडेंट और कैरोटीनॉयड और फ्लेवोनोइड जैसे फाइटोकेमिकल्स से युक्त पोषक तत्व होते हैं जो एक पावरहाउस की तरह काम करता हैं।

## दिल की बीमारी के जोखिम को करता है कम

केला पाचन को अच्छा करने के साथ-साथ दिल की बीमारी के जोखिम को भी दूर रखता है। इसमें भरपूर मात्रा में पोटेशियम होता है। केला से बीपी भी कंट्रोल में रहता है और यह हाई बीमी के जोखिम को कम करने में मदद करता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पोटेशियम से दिल की बीमारी का जोखिम 27 प्रतिशत तक कम हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक केला में फाइबर होता है जो वजन घटाने में मदद कर सकता है। क्योंकि यह लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस करने में मदद करता है।

## माइग्रेन

केले, खासकर अगर ठीक से न छीले जाएं, तो उनमें टायरामाइन नामक पदार्थ होता है, जो माइग्रेन को तुरंत ट्रिगर करता है।

रिपोर्ट के अनुसार, टायरामाइन को इसके निर्माण के तरीके के कारण मोनोमाइन कहा जाता है। हमारे शरीर के अंदर, मोनोमाइन ऑक्सीडेज नामक एक एंजाइम होता है जो टायरामाइन जैसे मोनोमाइन को तोड़ता है। यह एंजाइम टायरामाइन से निपटने में मदद करता है। इसलिए, यदि आप माइग्रेन से पीड़ित हैं और आपके शरीर में पर्याप्त एमएओ नहीं है, तो टायरामाइन युक्त खाद्य पदार्थ खाने से आपको सिरदर्द हो सकता है।

## भार बढ़ना

केले की मध्यम मात्रा आपके स्वास्थ्य और वजन घटाने के लक्ष्य के लिए अच्छी है। हालांकि, केले को कैलोरी से भरपूर माना जाता है। इसलिए, जहां यह भूख से राहत दिलाने में मदद करता है। वहीं यह वजन बढने् का एक प्रमुख कारण भी बन जाता है। हालांकि, एक दिन में आपको कितने केले खाने चाहिए या नहीं खाने चाहिए इसकी कोई निश्चित संख्या नहीं है, लेकिन प्रति दिन 1-2 केले पर्याप्त माने जाते हैं।

## गैस्ट्रिक समस्या

केले में घुलनशील फाइबर, फ्रूक्टोज और अधिक कार्बोहाइड्रेट और कम मात्रा में पानी होता है। इसलिए, जब केले का अधिक सेवन किया जाता है, तो इससे कब्ज और गैस्ट्रिक समस्याएं हो सकती हैं। हैरानी की बात यह है कि बहुत अधिक केला खाने से कब्ज के दिक्कत के साथ नींद की समस्या भी हो सकती है। ऐसा केले में ट्रिप्टोफैन नामक तत्व के कारण होता है। यह एक अमीनो एसिड है जिसका उपयोग शरीर प्रोटीन और सेरोटोनिन जैसे महत्वपूर्ण अणुओं को बनाने के लिए करता है। जो मूड और नींद की कमी को बढ़ाता है। केले में विटामिन बी6 होता है।



# नियॉन कलर की ड्रेस पहन मौनी रॉय ने दिए बोल्ड पोज

## बोल्ड तस्वीरों ने बढ़ाया इंटरनेट का पारा



बी-टाउन की ग्लैमरस और खूबसूरत अभिनेत्री मौनी रॉय आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस का दिल मचलती रहती हैं। उनका हर कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। मौनी रॉय हमेशा अपनी फिटनेस और हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक कातिलाना अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बेहद हॉट लग रही हैं। मौनी रॉय जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। इन तस्वीरों में मौनी रॉय ने नियॉन कलर की स्टाइलिश बॉडीफिटेड आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट लुक्स में किलर पोज देते हुए कैमरे के सामने अपना फिगर फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। हालांकि उनके कर्वी फिगर को देख फैंस की नजरें उन पर से हटना मुश्किल हो गई है। हर कोई उनके इस लुक का दीवाना हुआ जा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस मौनी रॉय का हर एक लुक फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बना रहता है। साथ ही फैंस उनका ये ड्रेसिंग सेंस देखकर उनसे टिप्स भी मांगते नजर आ रहे हैं।

# ओह माय गॉड 2 मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत हैः अन्वेषा

मौजूदा वक्त में अक्षय कुमार अपनी फिल्म ओह माय गॉड 2 की सफ लता का आनंद उठा रहे हैं। इसकी कहानी और सभी कलाकारों की अदाकारी को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं, लेकिन फिल्म में एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर हर शख्स का ध्यान खींच लिया है और उनका नाम है अन्वेषा विज। ओह माय गॉड 2 में अन्वेषा ने पंकज त्रिपाठी की बेटी दमयंती का किरदार अदा किया है।



23 वर्षीया अन्वेषा ने फिल्म ओह माय गॉड 2 के जरिए बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा है।उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2022 में वेब सीरीज क्रैश कोर्स से की थी, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।सीरीज में उन्होंने निक्की कपूर का किरदार निभाया था, जिसके लिए उनकी काफी प्रशंसा भी हुई।इसके अलावा अन्वेषा मशहूर कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के साथ म्यूजिक वीडियो काजल में नजर आ चुकी हैं। अन्वेषा ने ओह माय गॉड 2 की सफलता पर प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने बताया, मैं बहुत खुशनसीब हूं। ओह माय गॉड 2 जैसी फिल्म मिलना मेरे लिए सपने की तरह था। मैं जैसी असल जिंदगी में हूं, उससे बहुत अलग फिल्म में मेरा किरदार है। यह मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है। अन्वेषा ने बताया कि जब उन्होंने दिल्ली में ओह माय गॉड 2 के लिए ऑडिशन दिया था तो उन्हें यह नहीं पता था कि यह अक्षय की फिल्म के लिए है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### सैर सपाटे के लिए रहें तैयार

# चार माह बाद 1 नवंबर को फिर से खुलेगा अचानकमार टाइगर रिजर्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व चार महीने बाद एक नवंबर से खुल जाएगा। इस सुविधा को शुरू करने के लिए प्रबंधन ने भ्रमण मार्ग की मरम्मत शुरू कर दी है। जल्द ही कार्य पूरा हो जाएगा। मरम्मत के साथ- साथ सैर वाहन जिप्सी व बस की छिटपुट रिपेयरिंग भी की जा रही है। सैर के लिहाज से अचानकमार टाइगर रिजर्व पर्यटकों की पहली पसंद है। यही वजह है कि आठ महीने यह पर्यटकों से गुलजार रहता है। चार महीने इसे पर्यटकों के लिए बंद ही रखा जाता है। दरअसल एक जुलाई से बरसात की वजह से इसे बंद कर दिया जाता है। 31 अक्टूबर तक पर्यटकों के सैर पर प्रतिबंध रहता है।




यह हर साल की व्यवस्था है। इसलिए पर्यटक इस अवधि में सैर करने के लिए नहीं पहुंचे। लेकिन, जो जंगल प्रेमी है ऐसे पर्यटक शिवतराई स्थित बैगा रिसार्ट ठहरने व घूमने के लिए अवश्य जाते हैं। प्रबंधन इस रिसार्ट को सालभर पर्यटकों के लिए खुला रखता है। चार महीने बंद रखने का निर्देश राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण है। प्राधिकरण का मानना है कि यह सीजन वन्य प्राणियों के ब्रीडिंग का समय होता है।

इसके साथ ही बरसात की वजह भ्रमण मार्ग जर्जर हो जाता है। इसके अलावा पूरे मार्ग झाड़ी- झंगर गिरे रहते हैं। इसके अलावा छोटे- छोट पुल-पुलिया बरसाती पानी की वजह से गुजरने योग्य नहीं रहते। इस अवधि में सर्चिंग भी प्रभावित रहती है। लेकिन, अब मानसून लौट चुका है और मौसम साफ होने के कारण मार्ग गुजरने लायक हो चुके हैं। इसे देखते हुए ही हर साल की तरह प्रबंधन ने इसका मरम्मत करने का काम प्रारंभ कर दिया है।

इसमें कम से कम 15 दिन का समय लगता है। इसके बाद ही यह चलने योग्य रहता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है कि इस बार सैर-सपाटा शुल्क से लेकर अन्य किसी सुविधाओं के बदले पर्यटकों से अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा, पर्यटक पहले की तरह निर्धारित शुल्क देकर टाइगर रिजर्व का लुत्फ उठा सकते हैं।

#### जिप्सी, बस व रिसार्ट की सुविधा

अचानकमार टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के ठहरने के लिए बैगा रिसार्ट बनाया गया है, जहां 20 रूम हैं। हालांकि इनमें कुछ के मरम्मत के चलते बंद रखा गया है। इसके अलावा सात जिप्सी और एक 20 सीटर बस है। ठहरने से लेकर भ्रमण का पूरा इंतजाम है। रिसार्ट में कैंटीन सुविधा भी दी गई है, ताकि पर्यटकों को खानपान के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

#### महिला व पुरुष दोनों गाइड

स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने के लिए प्रबंधन ने ग्रामीणों में से कुछ लोगों को गाइड बनाया है। इनमें महिला व पुरुष गाइड हैं। बिना इन्हें लिए पर्यटकों को प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। गाइड के रहने से एक फायदा पर्यटकों को यह होता है कि वह टाइगर रिजर्व के बारे में जान पाते हैं।

# भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के महासचिव चुने गए भिलाई के वाय राजा राव, रिकार्ड तीसरी बार पाई उपलब्धि




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ द्वारा 15 अक्टूबर 2023 को भिलाई निवास कॉफी हाउस में अपनी आम सभा का आयोजन किया। आम सभा में वर्ष 2023 से 2027 तक नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। वाय राजा राव भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के तीसरी बार महासचिव चुने गए। चुनाव की पूर्ण प्रक्रिया चुनाव अधिकारी एल मधु शेखर, सहायक चुनाव अधिकारी एस श्रीनिवास राव हैदराबाद तेलंगाना थे ।

युवा कल्याण एवं खेल विभाग भारत सरकार के नियमानुसार कोई भी निर्वाचित सचिव एवं कोषाध्यक्ष चार और चार आठ साल से ज्यादा अपने पदों पर नहीं रह सकते 4 साल के अंतराल के पश्चात पुन: निर्वाचित होने का अवसर प्राप्त होता है इसी प्रक्रिया के तहत युवा कल्याण एवं खेल भारत सरकार के नियम एनएसडीसी कोड 2011 के अंतर्गत वाय राजा राव को पुन: भारतीय बाल बैडमिंटन महासंघ के महासचिव पद पर निर्वाचन हुआ।

भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ के अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर नवल किशोर यादव बिहार चुने गए। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद पर पर तोबा सिंह मणिपुर, डॉ. एकके नटेशन तमिल नाडु, जी हरि कुमार केरला, वाय विजय शंकर रेड्डी आंध्र प्रदेश, एच राघवेंद्र प्रसाद कर्नाटक व अर्शिना खान जम्मू एंड कश्मीर चुने गए। सहसचिव के पद पर अतुल मोहित राम इंगले महाराष्ट्र, शौकत अली राजस्थान, सुनील वशिष्ठ हरियाणा, ललित यादव दिल्ली, दस गोसावी महाराष्ट्र, पी मनी माधवी तेलंगाना तथा कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पूरी चंडीगढ़ चुने गए। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं छत्तीसगढ़ बाल बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी द्वारा बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

## खास खबर

### विधानसभा निर्वाचन 2023 : निर्वाचन संबंधी दायित्व समय-सीमा में पूर्ण करें नोडल अधिकारी

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी, स्वीप नोडल अधिकारी, कानून व्यवस्था, ईव्हीएम मैनेजमेंट, एमसीसी नोडल अधिकारी, व्यय निगरानी, बैलेट पोस्टर-पेपर, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, मतदाता, शिकायत और मतदाता हेल्पलाइन आदि के नोडल अधिकारी की बैठक लेकर निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों को समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने बिंदुवार निर्वाचन के कार्य की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पीठासीन अधिकारियों, सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में उपस्थित रहें। उन्होंने मतदाता सूची, संभावित प्रत्याशियों के नामों का मतदाता सूची में नाम का मिलान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में मतदान केंद्रों के बाहर लेखन कार्य, मतदाता सहायता कक्ष, वाहन व्यवस्था, रूट चार्ट, मतपत्रों की उपलब्धता, सार्वजनिक सूचना जारी करने, पोस्टल बैलेट, ईव्हीएम का ट्रेनिंग, रेन्डमाइजेशन, कंट्रोल टेबल, कर्मचारी कल्याण, नामांकन कक्ष में कम्प्युटर, इंटरनेट सहित अन्य व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था, महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में लगी फ्लाइंट स्क्वॉड टीम को गंभीरता से कार्य करने और प्रकरण बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### शासकीय एवं निजी स्थानों से हटाए गए पोस्टर एवं बैनर

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति अंतर्गत 3380 दीवार लेखन, 6831 पोस्टर, 2906 बैनर और 1850 अन्य प्रचार सामग्री हटाये गये। इसी प्रकार निजी सम्पति अंतर्गत 2817 दीवार लेखन, 231 पोस्टर, 165 बैनर और 202 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई है। इस प्रकार सार्वजनिक स्थलों में कुल 14 हजार 968 तथा निजी स्थलों में 03 हजार 415 सहित यानी कुल 18 हजार 383 पोस्टर-बैनर निर्धारित समयावधि में हटाये गये हैं।

# निगम के स्वच्छता कर्मियों ने भी लिया मतदान करने का संकल्प



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निगम भिलाई ने विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छ संकल्प लिए। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अभियान के दूसरे दिन निगम के स्वच्छता कार्य में जुड़े सफाई मित्रों ने शहरवासियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में बिना किसी जाति, धर्म, भाषा के भय, लोभ में आए बिना लोकतंत्र के पर्व में शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नवरात्र में नौ संकल्प लिया जाना है जिसके अंतर्गत आज दूसरे दिन भिलाई निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह 7 बजे से आगामी विधानसभा चुनाव में समाज के हर वर्ग को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। संजय नगर, बैकुंण्ठधाम, पॉवरहाउस आईटीआई मैदान, सेक्टर 06 आत्मानंद स्कूल, हुडको मैदान सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में सफाई मित्रों के साथ सुबह सुबह सैर सपाटा में निकले हुए युवाओं, महिलाओं तथा बुजुर्ग भी शामिल हुए और आगामी चुनाव में लोतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीकें से निर्वाचन करने का संकल्प लिए। इस दौरान सफाई मित्रों ने अपने मतदाता परिचय पत्र को हाथो में लेकर हर एक वोट की भूमिका और महत्व को समझाते हुए मतदान में हिस्सा लेने का संकल्प लिए।

# बीएसपी द्वारा आयोजित संयंत्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा वसुधैव कुटुंबकम् जी20-भारत की भूमिका विषय पर संयंत्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 14 अक्टूबर 2023 को इस्पात भवन के द्वितीय तल सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर थे।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कहा कि, हमारी प्राचीन उत्कृष्ट भारतीय परंपरा रही है कि, हम विश्व बंधुत्व, पारस्परिक सौहार्द और सार्वभौमिक शांति के सिद्धांत का अनुपालन करते रहे हैं।

हमारा देश भारत आदि काल से शांतिप्रिय, सत्य, अहिंसा और सहास्तित्व के मार्ग पर चलने वाला राष्ट्र रहा है। आज हमारा भारत वैश्विक अगुआ देशों के संगठन जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। यह एक ऐसा समय है, जब भारत समूचे विश्व को विश्वबंधुत्व का संदेश दे रहा है। एक वैश्विक मंच से ऐसा संदेश हमारे देश की ओर से दिया जाना, हमें गर्व एवं राष्ट्रीय स्तर पर आत्मसम्मान की अनुभूति देता है। ऐसे समय में 'वसुधैव कुटुंबकम जी20-भारत की भूमिका' विषय पर संयंत्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन न केवल प्रासंगिक है, वरन संयंत्र बिरादरी में राष्ट्रीयता और वसुधैव कुटुंबकम की भावना का संचार करने में सहायक भी है।

प्रतियोगिता के निर्णायकों में महाप्रबंधक योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक अमरेश कुमार एवं महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी शामिल थे।

कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक सौमिक डे ने किताब भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतियोगिता की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए उप महाप्रबंधक सौमिक डे ने कहा कि प्रतियोगिता के समस्त प्रतिभागी विजेता हैं तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार का दायित्व हम सभी का है।

# कलेक्टर ने किया जिले के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने आज जिले के मतदान केंद्र छोटेडोंगर, ओरछा और अति संवेदनशील क्षेत्र मतदान केन्द्र गुदाड़ी बाईक से पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण करते हुए ओरछा के हाईस्कूल में चार मतदान केन्द्र शिफ्ट किया जाएगा, जिसमें गट्टाकाल, कोडोली, आदेर और गुमरका के मतदान केन्द्र का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक पुश्कर शर्मा, जिला पंचायत सीईओ देवेश कुमार ध्रुव मौजूद थे। कलेक्टर ने मतदान केन्द्र ओरछा के प्राथमिक शाला का जायजा लिया तथा आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल के बच्चों को मध्यान्ह भोजन और नाश्ता नियमित रूप से खिलाने के निर्देश उपस्थित शिक्षकों को दिये। स्थैतिक निगरानी जांच नाका धौड़ाई का जायजा लिया तथा उपस्थित स्थैतिक निगरानी दल के सदस्यों को नियमित रूप से गाड़ियों का जांच करने और पंजी में एन्ट्री सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निरीक्षण के पश्चात हाईस्कूल ओरछा में चार मतदान केन्द्रों को शिफ्ट करने के लिए कक्षों का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने एसडीएम ओरछा को दिये।

# मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सु लीना कोसम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर के मार्गदर्शन में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण तीन स्थानों क्रमश: शा. रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय, शा.बालक उ.मा.वि. एवं शा.कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर में सम्पन्न हुआ।

जिसमें जिले से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा ई.व्ही. एम एवं व्ही. व्ही. पेट का संचालन, मतदान सामग्री प्राप्त करना एवं चेक लिस्ट के अनुसार मिलान मतदान के पूर्व की तैयारियां मतदान दिवस में किये जाने वाले कार्य, मतदान



समाप्ति के बाद मशीनों का मुहर बंद किये जाने का विस्तृत जानकारी दी गई। मतदान दलों को बताया गया कि सामग्री वितरण केंद्र से मतदान सामग्री प्राप्त करने के बाद उसका मिलान चेक लिस्ट के अनुसार किया जाना है। ऐसी सामग्री जिसमें नम्बर अंकित हैं जैसे ई. व्ही.एम एवं व्ही. व्ही. पेट, निविदित मतपत्र, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति सुभिन्नक सील, ग्रीन पेपर सील, स्पेशल टैग, पिंक पेपर सील, एड्रेस टैग का मिलान अच्छे से करें। यह देखें कि यह आपके मतदान केन्द्र से संबंधित है। कन्ट्रोल यूनिट में दिनांक और समय सही है, बैटरी की स्थिति अच्छी है, केन्डीडेट संख्या सही है, इसकी जांच कर लें सामग्री वितरण केन्द्र पर कंट्रोल यूनिट बैलेट यूनिट और व्ही. व्ही. पेट तीनों जोड़कर मतदान दलों द्वारा मॉकपोल सामग्री वितरण केन्द्र पर नहीं किया जाना है क्योंकि ये मशीने पूर्व से ही जांच कर तैयार की गई है। मतदान केन्द्र पर पहुँचने पर नियमानुसार मतदान केन्द्रों का स्थापना कर लें नोटिस बोर्ड पर आवश्यक जानकारी प्रदर्शित करने, 100 मीटर एवं 200 मीटर की दूरी का चिन्हांकन कर आवश्यक सूचना लगा दें मतदान दिवस के दिन वास्तविक मतदान के 90 मिनट पूर्व मॉकपोल कराया जाना है। मॉकपोल में न्यूनतम 50 वोट डलवाने हैं तत्पश्चात् सी.आर.सी. कर मॉक पोल के डाटा को हटा देना है। व्ही. व्ही. पेट के ड्रॉप बॉक्स से पेपर स्लीप को निकालकर काले रंग के लिफाफे में पिंक पेपर सील से सील बंद करना है।

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल हमर छत्तीसगढ़ पार्टी (दल का नाम) के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय पता सुरेन्द्र साहू का भवन, पोस्ट कपसदा, ग्राम पंचायत बोरसी तहसील एवं विकास खण्ड धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) 490042 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है :-

**पार्टी के पदाधिकारियों के नाम व पता:-**

अध्यक्ष : श्रीमती यमला साहू, एमआईजी-सी 334 पद्नाभपुर दुर्ग (छ.ग.)

महासचिव : चिंताराम साहू प्लांट नंबर 937/8 सड़क 3 हिन्द नगर रिसाली भिलाई (छ.ग.)

कोषाध्यक्ष : एस.के.श्रीवास्तव 8बी/सड़क 6 सेक्टर 2, भिलाई (छ.ग.)

यदि किसी को हमर छत्तीसगढ़ पार्टी (प्रस्तावित पार्टी का नाम) के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड,नई दिल्ली - 110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेंजे।

( उपरोक्त संदर्भ में 15-16 सितंबर 2023 को हमर छत्तीसगढ़ पार्टी का विज्ञापन पूर्व में छप चुका है।)

### जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित

**बिलासपुर।** विधानसभा निर्वाचन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-222877 है। कंट्रोल रूम में अधिकारी-कर्मचारी चौबीसो घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर अरूण खलखो है। यह कंट्रोल रूम निर्वाचन की समाप्ति तक संचालित होगा। निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान व्यय अनुवीक्षण में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मध्य संपर्क स्थापित करने, अनुवीक्षण दलों को सूचना देने, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग संबंधी जानकारियों एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान एवं शिकायतों को रजिस्टर करने यह कंट्रोल रूम कार्य करेगा।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### विश्व कप में ऑनलाइन लगवा रहे थे दांव, पुलिस ने तीन सटोरियों को दबोचा

**रायपुर (ए)।** विश्व कप में कर दिन करोड़ों के दांव लग रहे हैं। टूर्नामेंट चालू होने के साथ सटोरिए भी सक्रिय हैं। सटोरियों को पकड़ने पुलिस भी सक्रिय हो गई है। पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के आरोप में खम्हारडीह थाना क्षेत्र से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, वे सभी छोटी मछलियां है। पुलिस ने जिन सटोरियों को गिरफ्तार किया है वे आइडी लेकर ऑनलाइन बैटिंग खिलवा रहे थे।

एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खम्हारडीह क्षेत्रांतर्गत सेलटैक्स कालोनी के अपार्टमेंट में कुछ व्यक्तियों द्वारा आनलाइन सट्टा एप पर आइडी लेकर मोबाईल फोन से सट्टा का संचालन किया जा रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध पितांबर पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा सुरेश ध्रुव और थाना प्रभारी खम्हारडीह को सटोरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताए उक्त स्थान पर जाकर अपार्टमेंट में रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान अपार्टमेंट में 03 व्यक्ति उपस्थित पाए गए। करण खेमानी, दीपक सचदेव एवं आशीष साहू निवासी रायपुर को पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखे मोबाइल फोन को चेक करने पर उनके द्वारा अपने मोबाइल फोन में मेट्रो, कलर 777 एवं क्लासिक एक्स-99 नामक आनलाइन सट्टा एप में आइडी से सट्टा संचालित करना पाया गया।

### रीजनल स्टोर में डकैतीः दो महीने बाद महिला सहित दो गिरफ्तार, कई फरार

**बिश्रामपुर (ए)।** केबल डकैती के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने उनके घर से गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। दरअसल, एसईसीएल बिश्रामपुर के रीजनल स्टोर में 11 अगस्त की मध्यरात्रि में सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में हुई 15 लाख के केबल डकैती मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने सोमवार को घटना के बाद से फरार दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें रोशन ताम्रकर पिता नीरज ताम्रकर 20 वर्ष निवासी तालाबपारा शिवनंदनपुर और गुड़िया उर्फ शकुंतला सिंह पति बलजीत सिंह 35 वर्ष निवासी कबाड़ी मोहल्ला भातुपारा शिवनंदनपुर को पुलिस ने उसके घर में दबिश देकर धर-दबोचा और न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने बताया कि अब तक एक नाबालिग समेत 15 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### कपड़ा दुकान के गोदाम का ताला तोड़ सामान चोरी किया

**तिल्दा-नेवरा (ए)।** तिल्दा नेवरा थाना इलाके में कपड़ा दुकान के गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों का माल पार कर दिया। सुबह पहुंचे दुकान मालिक राहुल विधानी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की है। पुलिस के मुताबिक वार्ड 13 सिंधी कैंप तिल्दा निवासी ने शिकायत की है। प्रार्थी की दीनदयाल चौक तिल्दा के पास कपड़े की दुकान है। उसी के पीछे मुर्गी लाइन के पास उसका गोदाम है। 11 अक्टूबर को हमेशा तरह रात 9.40 बजे अपनी दुकान तथा गोदाम को बंद करके घर सिंधी कैंप चला गया था। 12 अक्टूबर को सुबह 9.15 बजे दुकान आकर दुकान खोली तथा गोदाम के पास कपड़े लेने गया तो गोदाम की शटर का ताला नहीं था। अंदर कुर्ती सूट बिखरे थे। बिल से मिलान करने के बाद पता चला कि करीबन 35750 रुपए का सामान चोरी हुआ है।

# चुनाव के मद्देनजर पुलिस की बड़ी कार्रवाई गाड़ी चेकिंग के दौरान लाखों रुपये बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। रायगढ़ में पुलिस की टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन कारों से लाखों रुपये बरामद किए। भारी मात्रा में कैश रखने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर जूटमिल पुलिस ने कार्रवाई की।**



पुलिस और फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने 3 अलग-अलग कार से करीब 16 लाख रुपये कैश बरामद किया है। पकड़े गए लोगों द्वारा भारी मात्रा में रुपये रखने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर जूटमिल पुलिस ने कार्रवाई की। राज्य में आचार संहिता लागू है।

सोमवार को एफएसटी व जूटमिल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा छातामुड़ा चौक के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 13 एएम 9487 में सवार नीरज अग्रवाल पिता कृष्ण अग्रवाल (44) निवासी सत्तीगुड़ी चौक रायगढ़ के पास रखे बैक को चेक किया गया।

इस दौरान बैग में 2 लाख 64 हजार 500 रुपये बरामद हुए। वहीं सेंट्रो कार क्रमांक सीजी चार एमटी 8453 में सवार बबलू मलिक पिता हबीब मलिक निवासी गौशाला पैजमुड़ा जिला संबलपुर ओडिशा के पास रखे बैग की जांच की गई तो उसमें चार लाख रुपये बरामद हुए हैं।

इसी क्रम में एक अन्य टाटा हैरियर कार क्रमांक सीजी 13 एआर 1594 में सवार रमेश अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल निवासी कोड़ातराई के पास रखे बैग की तलाशी ली गई तो उसमें नौ लाख रुपये बरामद हुए। पुलिस की पूछताछ में कार में सवार लोग पैसे के संबंध में न तो कोई सही जवाब दे पाए और न ही कोई वैध कागजात दिखा पाए। जबकि चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट गाइडलाइन जारी की गई है कि कोई भी व्यक्ति 50,000 रुपये से अधिक की संपत्ति के परिवहन करते समय उचित कागजात प्रस्तुत करना अनिवार्य है। ऐसे में पुलिस द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर कुल नकदी रकम 15,64,500 रुपये की जब्त की है।

## वाहन जांच में पुलिस ने जब्त किए सोने-चांदी के जेवरात, कैश भी बरामद

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन लगातार जांच अभियान चला रही है। प्रदेश भर में पुलिस वाहनों की सघन जांच कर रही है। इसी कड़ी में कोरबा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। वाहनों की जांच में सोना चांदी के जेवरातों के साथ कई जगहों से मोटा कैश भी बरामद हो रहा है।



मिली जानकारी के मुताबिक, हरदी बाजार थाना पुलिस ने चेकिंग पॉइंट पर 15.087 किलो ग्राम कीमती सोने और चांदी के जेवरात जब्त किए हैं। जिसकी कीमत लगभग लाखों में बताई जा रही है। बांगो थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 8 लाख नगदी बरामद की और मानिकपुर चौकी ने दो लाख कैश जब्त किया है। बता दें कि देर रात तक चली वाहन जांच से हड़कंप मच गया। चुनाव के मद्दे नजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले की थाना चौकियों को वाहन जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

### मुठभेड़ में एके-47 राइफल बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। बताया जा रहा है यहां के बंदेपारा के जंगलों में सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया है। मौके पर सुरक्षाबलों ने एक एके-47 राइफल बरामद किया है। आईजी बस्तर पी सुंदरराज ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।



मिली जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले मद्देड़ थाना क्षेत्र कोरंजेड व बंदेपारा के जंगल में मद्देड़ एरिया कमेटी प्रभारी डीवीसीएम नागेश, सचिव एसीएम बुच्चन्ना, एसीएम विश्वनाथ व अन्य 15 से 20 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना पर बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ व सीआरपीएफ 170 बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। मंगलवार की सुबह सर्चिंग के दौरान बंदेपारा के जंगल में पुलिस व नक्सलियों की बीच मुठभेड़ हो गई।

मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देखा नक्सली वहां से भाग गए। इसके बाद सर्चिंग में पुलिस को मुठभेड़ स्थल से एक नक्सली का शव और एक एके 47 रायफल मिला है। मारे गए नक्सली की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मृत नक्सली की पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार नक्सली कोरंजेड व बंदेपारा के जंगल में कैम्प लगाये हुए थे। फिलहाल सुरक्षाबलों द्वारा मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्चिंग की जा रही है।

## रायपुर पुलिस का एक्शन, 1 लाख के गांजा के साथ अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध को देखते हुए पुलिस एक्शन मोड़ पर हैं। पूरे प्रदेश में अपराधिक मामला, नशाखोरी और मारपीट जैसे घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाशों की खैर नहीं है। इसी क्रम पुलिस ने रायपुर स्थित कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत 9 किलो से अधिक गांजा के साथ एक अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है।



कोतवाली थाने क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखकर उसे बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर लगाए। इसके साथ ही टीम बनाकर आरोपी की तलाश में जुट गए। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखकर बेचने के फिराक में है। इसके बाद पुलिस ने उसके बताए गए हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा। पुलिस के पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विश्राम कुमार यादव निवासी बिहार का होना बताया। उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा पाया गया। इस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 9 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। इसकी कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है। गोपालगंज जिला, बिहार निवासी आरोपी विश्राम कुमार यादव 19 साल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 410/23 धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**सेल (ए)।** ग्राम झबड़ी का वृद्ध महिला मानकी बाई कौशिक की बाइक की टक्कर से इलाज के दौरान मौत हो गई। खरौद में बाइक चालक पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया। महिला ग्राम चोर भठ्ठी जिला जांजगीर चांपा मायके से बाइक से वापस लौट रही थी। इसी दौरान बाइक को पीछे से टक्कर मारकर आरोपी फरार हो गया।

## दुर्ग पुलिस की बड़ी सफलताः रायपुर में चोरी हुआ ट्रक दुर्ग में पकड़ाया, पुलिस की जांच देख छोड़कर भागे बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** चुनावी माहौल में थाना व चौकी क्षेत्र में चल रहे सघन वाहन जांच अभियान में दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रायपुर में चोरी हुआ ट्रक जेवरा सिरसा पुलिस की पकड़ में आया। दरअसल पुलिस की जांच को देख चोर ट्रक को जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में ही छोड़कर भाग गए। पुलिस ने ट्रक क्रमांक CG-12-S-5784 कीमती 25 लाख रुपए बरामद किया है। बरामद ट्रक रायपुर के सिलतरा चौकी क्षेत्र से चोरी हुआ था।





बता दें विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूरे जिले के थाना व चौकी क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस चौकी जेवरा सिरसा द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा था। जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में रविवार को वाहन चेकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा था। पुलिस की जांच को देख ग्राम बासीन के अग्रवाल ईटा फैक्ट्री के पास एक वाहन ट्रक क्रमांक CG-12-S-5784 को लावारिस हालत में छोड़कर अज्ञात लोग भाग गए।

सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ग्राम बासीन के अग्रवाल ईटा फैक्ट्री के सामने से ट्रक कमांक CG-12-S-5784 को बरामद किया। ट्रक के मालिक की पतासाजी के दौरान जानकारी मिली कि चौकी सिलतरा थाना धरसिवा जिला रायपुर में यह ट्रक चोरी हो गया। इस मामले में सिलतरा चौकी में अपराध भी दर्ज है। जेवरा पुलिस ने ट्रक मिलने की सूचना सिलतरा चौकी को दे दी है। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस चौकी जेवरा सिरसा स्टाफ एसआई चेतन सिह चन्द्राकर चौकी प्रभारी, एएसआई धर्मेन्द्र देवांगन, प्रधान आरक्षक पुनेश साहू की सराहनीय भूमिका रही।

## बाइक से रेस लगा रहे 4 युवक गिरफ्तार पुलिस के सामने युवाओं ने पकड़े कान

**रायपुर (ए)।** नवा रायपुर में रविवार को युवाओं ने फिर स्टंटबाजी की। तेज रफ्तार महंगी बाइकों पर युवक रेसिंग और खतरनाक स्टंट कर रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने कुछ घण्टों के भीतर ही अलग-अलग इलाकों से 4 युवकों को घेरकर पकड़ लिया। मंदिर हसौद और राखी थाने की जॉइंट टीम ने मिलकर ये कार्रवाई की।



सोशल मीडिया पर स्टंटबाजों के आए दिन वीडियो सामने आते रहते हैं। ज्यादातर ये स्टंट नवा रायपुर की सड़कों और VIP रोड पर रविवार के दिन होती हैं। इस वजह से पुलिस बीतें रविवार को इन इलाकों में लगे कैमरे पर निगरानी कर रही थी। जैसे ही ये बाइकर्स इकट्ठे होकर एक-दूसरे के सामने जानलेवा स्टंट के साथ-साथ रेसिंग लगा रहे थे। तभी पुलिस भी तत्काल वहां पहुंच गई। महंगी बाइकों में युवकों की रेसिंग शुरू होते ही इन इलाकों पर अलग-अलग रास्तों से पुलिस की टीमों को रवाना किया गया। जिसे देखकर ये स्टंटबाज युवक तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम ने इन्हें अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया। इस मामले में पुलिस ने न्यू राजेंद्र नगर के रहने वाले मधु बघेल, सेक्टर 29 राखी निवासी बीरा रेड्डी, मंदिर हसौद निवासी सुधीर घृतलहरे और भनपुरी का रहने वाले मुकेश चन्द्राकर को गिरफ्तार किया। इनके ऊपर पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के अलावा कई अन्य IPC की धारा लगाई है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### पंचमी में चुनरी यात्रा को लेकर रूट हुआ तय

**दुर्ग।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर दुर्ग सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर गंजपारा से भव्य चुनरी शोभायात्रा निकाला जा रहा है जिसके चलते इस बार आगामी विधान सभा चुनाव और लगे आचार सहिता को देखते हुए शहर के विभिन्न समिति लगभग 27 समितियों की आम राय से एक साथ चुनरी शोभायात्रा निकालने का आयोजन किया जा रहा है जिसके चलते दुर्ग पुलिस से एएसपी अभिषेक झा,एडीएम मुकेश रावटे दुर्ग सीएसपी मणिशंकर चंद्रा,सिटी कोतवाली थाना प्रभारी महेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच समिति के पदाधिकारियों से चर्चा की जिसके बाद तय पाया गया की सभी समिति द्वारा एक साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी

### ध्वनि विस्तारक यंत्र वाहन, रैली, जुलुस, नुक्कड़ सभा, आमसभा की अनुमति के लिए सहायक रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र वाहन, रैली, जुलुस, नुक्कड सभा, आमसभा इत्यादि की अनुमति जारी करने हेतु कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग के संशोधित आदेश के तहत् विधानसभा- 66 वैशालीनगर में उक्त कार्य के लिए तहसीलदार धमधा एवं सहायक रिटर्निंग आफिसर विधानसभा 66 वैशालीनगर राधेश्याम वर्मा मो.न. 8225989859 को सहायक नियुक्त किया गया है। सहायक रिटर्निंग आफिसर राधेश्याम वर्मा के माध्यम से नस्ती प्रस्तुत किया जाएगा। अनुमति जारी किये जाने के लिए खनिज शाखा प्रोग्रामिंग असिस्टेंट भूषण लाल साहू मो.नं. 7587339656, आदिवासी विकास सहायक ग्रेड 03 श्रीमती संध्या कोल्हे मो.न. 7225047771, आदिवासी विकास कम्प्यूटर ऑपरेटर रीवानंद सिन्हा मो.न. 9685105423, आदिवासी विकास भृत्य संजय कुमार साहू मो.नं. 9770335593, आदिवासी विकास भृत्य टंकेश्वर शर्मा मो.न. 7999330799 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### मृतक के परिजनों को मिली 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढौर (लहंगा) तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी श्री डेमन कुमार की विगत 24 अक्टूबर 2020 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम परसदापार तहसील बोरी जिला दुर्ग निवासी यामिनी निषाद की विगत 03 जुलाई 2021 को खाना बनाते वक्त आग लग जाने से मृत्यु हो गयी थी। डिपरा पारा शीतला तालाब तहसील व जिला दुर्ग निवासी मो. सफी की भी विगत 11 दिसंबर 2021 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। ग्राम छाटा तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी इंदू चौहान की विगत 23 जनवरी 2021 को आग लग जाने से मृत्यु हो गयी थी। ग्राम पाहंदा तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री हरीश यदु की विगत 29 जुलाई 2022 को आग से जल जाने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. डेमन कुमार के पिता यशवंत कुमार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# विषय विशेषज्ञों द्वारा विषयवार इंटरएक्टिव वीडियो तैयार कर कमजोर बच्चों को करेंगे ट्रेंड, कलेक्टर ने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कक्षा में कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन करने को कहा, जिससे उनके शैक्षिक स्तर को बढ़ाया जा सके। कमजोर बच्चों के लिए स्कूल में ही अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जाएंगी।



जिससे उनका बौद्धिक विकास किया जा सकें। उन्होंने बच्चों का मासिक आकलन कर डाटा कलेक्शन कर उनका विश्लेषण एवं सुधारात्मक उपाय करने को कहा। जिले के विषयवार बेस्ट शिक्षक का चिन्हांकन कर पीयर ग्रुप की मदद से अन्य शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि करने को कहा। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की विषय विशेषज्ञों द्वारा कक्षाएं लेने को कहा। शिक्षकों द्वारा कक्षा अध्यापन हेतु विषयवार विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के कक्षावार एवं विषयवार इंटरएक्टिव वीडियो विषय विशेषज्ञों द्वारा वीडियो तैयार करने को कहा, ताकि बच्चों की विषय की मूलभूत अवधारणा स्पष्ट हो सके। साथ ही उन्होंने मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क गणवेश, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, सरस्वती सायकल, महतारी दुलार छात्रवृत्ति, छात्रवृत्ति, पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की। समग्र शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग बच्चे 3083 हैं। इसके अंतर्गत कार्यप्रगति की समीक्षा अगले सप्ताह की जाएगी। शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन एवं कार्ययोजना की जानकारी ली।

### संज्ञात्मक कक्षाएं हो संचालित

कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक शनिवार को संज्ञात्मक कक्षाएं संचालित करने को कहा। उन्होंने तृतीय व द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को प्रथम श्रेणी में लाने का प्रयत्न किया जाए, ताकि वह अव्वल नंबर से परीक्षा उत्तीर्ण कर सके। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम आने वाले स्कूलों का निरीक्षण करने को कहा और शिक्षा स्तर में सुधार करवाने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने बताया कि 10 सेजेस स्कूलों में स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं बच्चों को दी जा रही है। इस पर कलेक्टर ने स्पोकन इंग्लिश की कक्षाओं को सभी स्कूलों में संचालित करने को कहा।

### प्राइमरी स्कूलों में भी करें फोकस

साथ ही प्राइमरी स्कूलों में भी फोकस करने को कहा। बालबाड़ी की समीक्षा में दुर्ग जिले में 100 बालबाड़ी संचालित है, जिसमें 606 बच्चे दर्ज हैं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा जिसमें हिन्दी व अंग्रेजी नही आने वाले बच्चों की प्रतिशत वाईस रिपोर्ट हो। कमजोर बच्चों के बौद्धिक स्तर को सुधारने के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त समय देकर शिक्षा देने को कहा। लगातार प्रयासरत रहने से कमजोर बच्चों का ज्ञान बढ़ाया जा सकता है। निर्धारित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में सहभागिता कराकर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने के लिए शिक्षकों को अपने दायित्व को ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय, बीईओ, एबीईओ उपस्थित थे।

इस बार का थीम सिक्कों को संस्कृति के रूप में बढ़ते हुए दिखाया

# सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति में स्थापित माता की भव्य प्रतिमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति अपने 10 वर्षों के धार्मिक पड़ाव में नए धार्मिक आयाम रच रही है इस समिति का गठन सनातन धर्म के विचार को समाज में स्थापित करने के लिए किया गया है। विगत 10 वर्षों से शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गे जग जननी की प्रतिमा स्थापित की जाती है।



इस प्रतिमा निरंतर आकार देने वाले कलाकार दुर्ग जिले के गांव थनोद के निवासी गिरधर वह उनका परिवार है इस पंडाल की विशेषता यह है कि यह भारत के सिक्कों को संस्कृति के रूप में बढ़ते हुए दिखाया गया है विगत कई वर्षों के धार्मिक वह संस्कृतिक सिक्कों का संग्रहण इस पंडाल में किया गया है इस पंडाल में भी अगर 3 वर्षों से ज्योति कलशो की स्थापना की जा रही है। जिसके लिए अलग से ज्योति कक्षा की स्थापना की गई इस समिति की अध्यक्ष श्वेता मिश्रा के अनुसार भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के नाम का भी ज्योति कलश यहां स्थापित किया गया है इसका उद्देश्य भिलाई की जनता के जीवन में मां जगदंबा सदा खुशियों का प्रेम, विकास, और विश्वास का आशीर्वाद सदा बनाए रखें।

# भिलाई महिला समाज द्वारा जेएलएन हॉस्पिटल में विक्रय केन्द्र का किया गया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9 में भिलाई महिला समाज के मसाला इकाई द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय केन्द्र का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ के द्वारा 16 अक्टूबर, 2023 को विधिवत उद्घाटन किया गया। यह मसाला आउटलेट भिलाई महिला समाज के मसाला केन्द्र द्वारा उत्पादित उत्पादों का रिटेल यूनिट प्रति सप्ताह सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को सुबह 10.00 बजे से 1.00 बजे तक खोला जायेगा।

ज्ञात हो कि यह, भिलाई महिला समाज का तीसरा आउटलेट रिटेल मसाला यूनिट विक्रेय केन्द्र है। इनका पहला आउटलेट रिटेल



मसाला यूनिट विक्रय केंद्र वूलन मार्केट एवं बिजली ऑफिस, रेलवे क्रासिंग के पास, पावर हाउस, भिलाई में तथा दूसरा आउटलेट रिटेल मसाला यूनिट विक्रय केंद्र इस्पात भवन में है। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को जीवन-यापन के लिए सम्मान जनक मदद के साथ-साथ, मरीजों एवं लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनको शुद्ध मसाले भी उपलब्ध करवाना है।

इस अवसर पर अस्पताल के अन्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी- डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर सहित सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी- डॉ लता देवांगन, महाप्रबंधक शाहिद अहमद, महाप्रबंधक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए - मेंटेनेंस एवं सर्विस) बलवीर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक बी के श्रीवास्तव सहित हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे।

इनके साथ ही भिलाई महिला समाज की महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सहसचिव श्रीमती सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह-कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपन्विता पाल, सह-प्रभारी (मसाला यूनिट) श्रीमती सपना सोनी तथा सह-प्रभारी (मसाला यूनिट) श्रीमती पूनम प्रियदर्शी उपस्थित थीं।

यहाँ भिलाई महिला समाज के अंतर्गत, महिला समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न सामग्रियों का विक्रय किया जाता है, जैसे मसाले, विभिन्न अनाज के आटे, बड़ी बिजौरी, सत्तु आदि। ये सभी सामग्री उपरोक्त वर्णित तीनों विक्रय केन्द्रों में बिक्री हेतु उपलब्ध है। जहाँ अच्छी गुणवत्ता के अनाज एवं खड़े मसालों का प्रयोग होता है एवं स्वच्छता के साथ उनकी पिसाई और पैकिंग का कार्य किया जाता है। अपनी रसोई के लिए शुद्ध सामग्री खरीदें, आपकी यह छोटी सी खरीदारी किसी की रसोई में बड़ी मदद करेगी।

# निगम अधिकारियों और कर्मचारी ने मतदान करने की शपथ ली लोगों से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज जिला प्रशासन की पहल पर नगर पालिक निगम कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।अधिकारियों ने कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई। कर्मचारियो ने स्वैच्छिक मतदान की प्रतिज्ञा ली।

इस मौके पर कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,राजेश पांडेय,जावेद अली,दुर्गेश गुप्ता,थानसिंह यादव,शुभम गोइर,ईश्वर वर्मा,हेमलता वर्मा एवं आदि उपस्थित रहे।

निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की ली शपथ।कार्यपालन अभियंता




दिनेश नेताम ने अधिकारियों व कर्मियों को शपथ दिलाई हम,भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये ये शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निवार्चन करने, धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करने शपथ दिलाई गई।

# भाजपा फाफाडीह मंडल की बैठक संपन्न



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मंडी रोड श्री राम मंदिर मंडी कॉलोनी (लोधी भवन) में आहुत की गई। जिसमें मुख्य रूप से उत्तर विधानसभा के प्रत्याशी पुरंदर मिश्रा, जिला अध्यक्ष जयंती भाई पटेल, विधानसभा प्रभारी पूनम चंद्राकर विधानसभा संयोजक नलीनेश ठोकने भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद महात्मा गांधी वार्ड पार्षद डॉ.प्रमोद साहू जी एवं भाजपा-मोर्चा-प्रकोष्ठ-प्रकल्प के राष्ट्रीय/प्रदेश/ जिला/मंडल/ शक्ति केंद्र/बुथ व बुथ के पन्ना समिति पार्टी के पदाधिकारी-कार्यसमिति सदस्य/पार्षद/छाया पार्षद/ निगम मंडल आयोग के पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य एवं पार्टी के जेष्ठ-श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु आप सभी की उपस्तिथि में यह बैठक सफ्लता पूर्वक संपन्न हुआ ।

# स्वीप प्लान के तहत जनजागरुकता अभियान, मतदान की ली शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की घोषणा के अनुसार निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित कर स्वीप कार्ययोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु स्वीप कार्ययोजना का निर्माण किया गया है।

स्वीप गतिविधियों के संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु सभी विधानसभा क्षेत्र स्तर पर एक स्वीप नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में नवप्रवेशित नये छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु प्रेरक कार्यक्रम के तहत कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) का विशेष सहयोग




लिये जा रहे हैं। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रचार-प्रसार हेतु जिला स्तर पर संचालित अधिकारिक सोशल मीडिया का उपयोग हो रहा है। मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रेरक नारों को शासकीय कार्यालयों के दीवारों पर उल्लेखित किया गया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/स्टेट आईकन के संदेशों का रिकार्डेड मेसेज (ऑडियो-विडियो का प्रसारण) स्थानीय सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों द्वारा प्रचारित हो रहा है। ग्रामीण इलाकों एवं हाट बाजारों में कोटवार के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सूचनाएं यथा मतदान तिथि, मतदान समयावधि तथा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं का मुनादी के माध्यम से प्रचारित किया जा रहा है। निर्वाचन से संबंधित प्रमुख तिथियों एवं मतदान करने हेतु प्रेरक संदेशयुक्त पोस्टर/डिजाईन तैयार कर सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार हो रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रचार-प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक, मतदान हेतु शपथ दिलायी जा रही है।

जिले में संगवारी मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जाएंगे। दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि में मुद्रित ईपिक कार्ड, मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदान दिवस को दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने एवं वापिस घर तक छोड़ने निःशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध करायी जाएगी। वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाएगी। जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सेल्फी जोन की भी स्थापना की जाएगी।

# पूरक परीक्षा से संबंधित लगभग 25 हजार परीक्षार्थियों ने किया प्रवेश पत्र डाउनलोड

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में 20 अक्टूबर से आरंभ होने वाली पूरक परीक्षा 2023 के प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 15 अक्टूबर से उपलब्ध होते ही आज 16 अक्टूबर की शाम 5 :00 बजे तक लगभग 25 हजार परीक्षार्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लिया था।




यह जानकारी देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव, ने बताया कि पूरक परीक्षा 2023 में शामिल होने वाले लगभग 34 हजार परीक्षार्थियों के प्रवेष पत्र विष्वविद्यालय के पोर्टल पर जारी कर दिये गये है। विद्यार्थी अपना प्रवेष पत्र 19 अक्टूबर तक डाउनलोड कर सकते है।

उल्लेखनीय है कि विष्वविद्यालय की पूरक परीक्षा 20 अक्टूबर से आरंभ हो रही है। प्रारंभिक प्रष्नपत्रों में 20 तारीख को बीकॉम भाग दो, तीन, बीसीए भाग दो तीन, बीएससी भाग दो, तीन, बीएससी होम साइंस भाग दो, तीन, बीए भाग दो, तीन, बीए बीएड तथा बीएससी बीएड भाग दो, तीन की पर्यावरण अध्ययन एवं मानव अधिकार के प्रष्नपत्र की परीक्षा आयोजित होगी।

वहीं 21 तारीख को अतिरिक्त विषय कम्प्यूटर एप्लीकेषन की बीकॉम भाग एक, दो एवं तीन की परीक्षा आयोजित होगी। इसके पश्चात् पूरक परीक्षा दषहरा अवकाष की समाप्ति के पश्चात् पुनः 25 अक्टूबर को आयोजित होगी।

परीक्षा उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल के अनुसार सभी 46 परीक्षा केन्द्रों में मुख्य एवं पूरक उत्तरपुस्तिकाएं उपलब्ध करा दी गई है। महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न कक्षाओं की छात्र संख्या के आधार पर बैठक व्यवस्था तैयार की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950